NEWS इन ब्रीफ

## पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब नष्ट किया

**नामकुम।** मंगलवार सुबह पुलिस ने आर्दश ग्राम हहाप के हेसापीडी में अवैध रूप से चलाए जा रहे देशी शराब के भठठीयों को ध्वस्त कर दिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने सुबह हेसापीडी में छापेमारी कर क्षेत्र के बनायी जा रही अवैध शराब के अडडों को ध्वसत किया और पास के घरों में छिपा कर रखे लगभग पांच क्विंटल जावा महुवा को नष्ट कर दिया। पुलिस टीम ने इसके बाद पूरे गांव में घूम घूम कर सभी को नशा के कारोबर नहीं करने तथा कारोबारियों को सहयोग नहीं करने की बात भी कही।

## निदेशक ने ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा की

**नामकुम।** मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेशक शैलेश कुमार ने प्रखण्ड के लालखटंगा पंचायत का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत आम बागवानी जेएसएलपीएसद्वारा संचालित महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे एलइडी बल्ब,मशरूम उत्पादन एंव कोल्ड स्टोरेज को देखा और संतोस जताया।

## जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबलों का वितरण



**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र में मंगलवार को पांचा के सुदूरवर्ती गांव में भारत सेवाश्रम के विनय गांगुली डॉक्टर दीपाकंर डे व नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों जरूरतमंदो ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर सुनील तिवारी ने कहा कि ठंड को देखते हुए पुलिस ने पांचा के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### कानून बनने के बावजूद भी बच्चों को नहीं मिल रहा है लाभ

# समाज में मीडिया की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बच्चों की सुरक्षा, उनकी शिक्षा और उनके अधिकारों को लेकर सरकार द्वारा कई कानून बनाए गये है। लेकिन, समाज में मौजूद कुरीतियां तथा लैंगिक असमानता के कारण बच्चों और युवाओं तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। हमें संवेदनशील होकर अपने आसपास हो रहे ऐसे कुकृत्यों के खिलाफ आवाज उठानी होगी और इस कार्य में हमें मीडिया के सहयोग की आवश्यकता है। मीडिया लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। मीडिया समाज में लैंगिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।




उक्त बातें चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसायटी, झारखंड के अवर सचिव अर्शद जमाल ने सूचना भवन सभागार में जेन्डर रिपॉसिव प्रिवेंशन एंड रिपॉन्ड टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर आयोजित सेमिनार में मीडिया को संबोधित करने के दौरान कहीं। बता दें कि चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसायटी, झारखंड और टेरेस देस होम्स एवं जयप्रकाश इंस्टीटयूट ऑफ सोशल चेंज, कोलकाता के सौजन्य से सेमिनार का आयोजन सूचना भवन सभागार में किया गया। सीडब्यूसी के अध्यक्ष अजय साव ने कहा कि हमारे आस पास रोजाना कुछ-न-कुछ बाल श्रम से जुड़ी घटनाएं घटित हो रही हैं। मीडिया का फर्ज है कि ऐसी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करें, ताकि बच्चे को न्याय मिले और दोषी को सजा। बाल विवाह के खिलाफ भी जागरूकता लाने में मीडिया हमारा और सरकार का सहयोग कर सकती हैं, जिससे बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी जैसी घटनाओं में कमी आए। वहीं डीसीपीओ, रांची से वेद प्रकाश ने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण गरीबी भी है। जिसके कारण माता-पिता बच्चों से मजदूरी कराने को विवश होते हैं। उन तक मीडिया को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लानी होगी, तभी अभिभावक बाल विवाह और बाल श्रम से आगे बढ़ कर अपने बच्चों में शिक्षा की अलख जगा सकेंगे।सेमिनार में जयप्रकाश इंस्टीटयूट ऑफ सोशल चेंज, कोलकाता के कार्यपालक निदेशक जयदेव मजुमदार ने झारखंड के परिप्रेक्ष्य में जेन्डर रिपॉसिव प्रिवेंशन एंड रिपॉन्ड टू चाइल्ड प्रोटेक्शन पर आंकड़े और चुनौतियों पर पीपीटी के माध्यम से जानकारियां साझा की। वहीं संकल्प एनजीओ के प्रोगाम पदाधिकारी शोविक बसु, टेरेस देस होम्स के प्रोगाम पदाधिकारी जयदीप सेन गुप्ता, बाल कल्याण समिति, रांची के सदस्य विनय कुमार और चाइल्ड एक्टिविस्ट मनोरमा एक्का ने भी लैंगिक असमानता के संदर्भ में अपने विचार रखे।

## कांटाटोली में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से तीन लाख लोग हुए प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के बड़े इलाकों के लगभग तीन लाख लोगों तक आज पानी नहीं पहुंचेगी। ऐसा कांटा टोली कब्रिस्तान के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की वजह से हुआ है। पेयजल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आज देर शाम तक क्षतिग्रस्त पाइप को दुरूस्त कर लिया जाएगा। उम्मीद जतायी जा रही है कि बुधवार से नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। दरअसल शहर में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से अंडर ग्राउंड केबलिंग का काम किया जा रहा है। निगम की ओर से हजारीबाग रोड में इन दिनों अंडर ग्राउंड केबलिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार की रात जमीन में ड्रिल करने के क्रम में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण लाखों गैलन पानी बर्बाद हो गया। स्थिति यह थी कि सड़क पर घुटना भर पानी बहने लग गया था। पेयजल विभाग की ओर से मरम्मती




का काम शुरू कर दिया गया है। विभाग के कार्यपालक अभियंता राधेश्याम रवि ने बताया कि अभी जहां से पानी निकल रहा है, उसे सूखाया जाएगा। इसके बाद सही तररके से पता चल पाएगा कि पाइपलाइन कितना क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके बनने में कितना समय लगेगा। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कार्यपालक अभियंता राधेश्याम रवि, सहायक अभियंता ललित इंदवार, कनीय अभियंता जयप्रकाश बड़ाईक, पाइपलाइन सुपरवाइजर नरेश कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य लोग लाइन काम देख रहे हैं। आज शाम तक मरम्मत का काम पूरा हो जायेगा।

## फंदे से लटक कर युवक ने दी जान

**नामकुम।** पुलिस ने थानाक्षेत्र के जोरार पेप्सी ग्राउण्ड स्थित एक पेड पर फंदे से लटकता युवक का शव बरामद किया। मृतक जोरार का रहनेवाले सोमरा मुण्डा के पुत्र रीतिक मुण्डा ( 20 ) के रूप में हुई है। पुलिस ने सूचना मिलते ही मृतक के शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। मृतक के पिता सोमा मुण्डा ने बताया कि रीतिक सोमवार देर शाम को ही घर से रोज की भांति निकला था। वह रात को करीब 9.30 बजे अपने दोस्त गेट पास देने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा उन्होंने सोचा की वह दोस्तो के साथ क्रिसमस मना रहा होगा। मंगलवार सुबह उन्हे स्थानीय लोगों ने बताया कि रीतिक पेप्सी ग्राउण्ड स्थित बेल पेड पर फंदे से लटक रहा है। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। रीतिक दुर्गा सोरने चौक स्थित न्यूक्लियस परिसर में काम करता था।

## श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती पर सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 30वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि



इस अवसर पर कुम्हार टोली निवासी श्री मुकेश बरनवाल ने अपनी धर्मपत्नी राधा बरनवाल के साथ महाबली बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेडा, चना गुड़ सेव फल कमा नारियल का भोग अर्पित कर चंदन वंदन करके सुगंधित इत्र चढ़ाया। बर्नवाल परिवार ने श्री रामचरितमानस का पाठ वासियों का पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराया।

## पढ़ाई के साथ ही खेलकूद जरूरी : अभय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम स्थित जूनियर आर्मी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर मैदान में कक्षा एक से आठवी के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीत-नृत्य, कुर्सी रेस, बेलुन व विभिन्न तरह के प्रयोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विजेतओं को



स्कूल के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने पुरस्कार व मेडल से सम्मानित किया। इस मौके पर श्री सिंह उन्होंने कहा कि आर्मी स्कूल में बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा के साथ-साथ राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं बेहतर अवसर मिल सके। इस मौके पर शिक्षक धमेंद्र कुमार मिश्रा, वरीय शिक्षिक ओलिफ मेरी, स्पोर्ट शिक्षक जॉनसन तिर्की सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के नाऊज में सड़क दुर्घटना में बाईक सवार समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बुढ़मू के रविन्द्र प्रसाद और खलारी के वीरपी रोहित यादव, एक बाईक से रातु जा रहे थे, इसी दौरान रातु के हुरहुरी निवासी बाईक सवार अंकित उरांव, और सूरज गोप बाईक में ठाकुरगांव की से बुढ़मू आ रहे थे। वही बाईक सवार



अंकित उरांव, और सूरज गोप भी घायल हो गए। घटना में सबसे ज्यादा अंकित का चोट लगी है। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401,56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of invitation (LOI) No-13/2022-23**
**1st Call**
**e-Tender Ref No– RCD/PI Div./Ranchi/13/785 Date:-21.12.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy services for preparation of report on Geo Technical Investigation and Sub Soil Exploration work for the Construction of Proposed Bridge/ Existing Bridges in the State of Jharkhand from empanelled consultant with RCD under **Category-III** vide letter No. 3063(S) WE Dated 22-08-2022. |
| 2 | Total No. of Boring Points | 26 (Eighteen) **Note-**Details of locations of Bridge and its Span arrangement can be seen in Tender documents. |
| 3 | Period of Completion of Work | 15 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand), and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India Payable at Ranchi in favour of Executive Engineer, Planning and Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 120 days beyond the validity of bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of | 30.12.2022,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid | 05.01.2023 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 05.01.2023 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 06.01.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 11 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive, Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi Mob-94311-65712 |

Note-:Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer
Planning and Investigation Division
Road Construction Department, Ranchi

PR 286075 Road(22-23)D



**झारखण्ड सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड, राँची**

पत्रांक :– 141 | **प्रेस विज्ञप्ति** | दिनांक :– 26.12.2022

नगर विकास एवं आवास विभाग में संवेदक के ऑनलाईन निबंधन हेतु पूर्व से क्रियाशील वेवसाईट URL https://udhdorc.nic.in तकनीकी कारणों से National Informatics Centre के Data Centre से Jharkhand State Data Centre में Migrate किये जाने के कारण नये URL में परिवर्तित हो गया है।

सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुरूप नया निबंधन/नवीकरण हेतु उक्त वेवसाईट के नये URL के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर सकेंगें।

ह०/–
निबंधन पदाधिकारी
–सह–मुख्य अभियंता

PR 286027 (Urban Development)22-23*D



**झारखंड सरकार**
**राज्य ग्रामीण विकास संस्थान हेहल, राँची**

Ph. No: 0651-2511383/6571897 Fax: 0651-2510173 Email:sirdranchi@gmail.com

पत्रांक:– VII-01/2021/ | **अल्पकालीन निविदा** | दिनांक– .........12.2022

संस्थान के पुस्तकालय हेतु कुल 414 पुस्तकों के क्रय करने हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है। क्रय किये जाने वाले पुस्तकों की सूची कार्य दिवस के दिन संस्थान से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

नियम एवं शर्तें

1.निविदादादाता अपना मुहरबन्द निविदा कार्यालय अवधि में दिनांक– 18.01.2023 को अपराहन् 05.00 बजे तक संस्थान में समर्पित कर सकते है एवं दिनांक– 19.01.2023 को पूर्वाहन् 11.30 बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जायगा।
निविदा खोलने के समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
2. निविदादाता अपने फर्म के पैड पर पंजीयन संख्या (TIN NO.) आयकर, GST बिक्रीकर के अद्यतन भुगतान से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करेंगे।
3. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबन्द निविदा पर ही विचार किया जायेगा।
4. केवल L1 निविदादाता से ही Negotiation किया जा सकता है।
5. किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निविदा रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास रहेगा।

ह0/–निदेशक
राज्य ग्रामीण विकास संस्थान हेहल, राँची

PR 286035 (SIRD)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–34, वर्ष 2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–04.01.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 05.01.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–05.01.2023 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

विशेष केन्द्रीय सहायता मद

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | अड़की प्रखण्ड के ग्राम सेरेंगहातु–2 में सरकारी जमीन का SWG तार से फेंसिंग करने का कार्य। | 20,41,150/– | 40,900/– | 5000/– | 03 माह। |
| 2 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत दियांकेल ग्राम के सरकारी जमीन पर चबुतरा–सह–षेड निर्माण कार्य। | 31,89,700/– | 63,800/– | 5000/– | 03 माह। |
| 3 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम दियांकेल में सरकारी जमीन का SWG तार से फेंसिंग करने का कार्य। | 32,81,500/– | 65,700/– | 5000/– | 03 माह। |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 286030 Rural Development(22-23)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची**

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**
**T. Reference No. :- Different Tolas SVS-CLU - 27/2020-21Date 27.12.2022**

| Si.No. | Name of Work | CLUSTER NAME | BLOCK | Estimated Cost (LAKH.) | Bid Security (LAKH) | Cost of BOQ (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Solar Based Mini Water Supply Scheme (SVS) in Different Block comprising of suitable R.C.C./Framed structure ESR Distribution line, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation, Division, Ranchi East, Ranchi. | 18F2 | TAMAR | 296.94800 | 2.97000 | 10,000.00 |
| | | 5C | RAHE | 339.27900 | 3.40000 | 10,000.00 |
| | | 5D | SONAHATU | 293.61700 | 2.94000 | 10,000.00 |
| | | 2C | ANGARA | 410.64300 | 4.11000 | 10,000.00 |
| | | 17B | RAHE | 453.87600 | 4.54000 | 10,000.00 |
| | | 18D | TAMAR | 484.73400 | 4.85000 | 10,000.00 |
| | | 4C | ORMANJHI | 375.91400 | 3.76000 | 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion | | 9 Months + 1 months (Trial and run) | | | |
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | | 04.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | | 04.01.2033/04.00 PM | | | |
| 5 | Pre Bid Meeting | | 05.01.2023/11.00 AM | | | |
| 6 | Bid Submission Start Date | | 05.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 7 | Document Download / Sale End Date | | 11.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 8 | Bid Submission End Date | | 11.01.2023/04.00 PM. | | | |
| 9 | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | | 12.01.2023/01.00 PM. | | | |
| 10 | Date of Opening of Tender | | 12.01.2023/05.00 PM. | | | |
| 11 | Name & Address of Office Inviting Tender | | Executive Engineer, Drinkin g Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 12 | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 13 | Contact No. Of Procurement Office | | 0651-2480155 | | | |
| 14 | Helpline No. Of e-procurement cell | | 0651-2480345 | | | |

नोटः–1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची

PR 286099 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवंस्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Cluster wise Single Village Water Supply Schemes (Cluster No. 12 to 29) के निर्माण हेतु इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DWSD/JJM/SVS-CLUSTER/SIM-12/2022-23 (1st Call) जो विभिन्न सामाचार पत्रों में PR – 280959 एवं 281845 द्वारा प्रकाशित है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है–

| Sl. No. | Cluster No. | Block | Estimated Cost (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Cost of BOQ (inLakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | Bano | 615.44502 | 6.16 | 0.10 | 09 Months |
| 2 | 13 | Kolebira | 876.48692 | 8.77 | 0.10 | |
| 3 | 14 | Simdega, Pakartanr & Bansjor | 871.17406 | 8.72 | 0.10 | |
| 4 | 15 | Kurdeg, Kersai&Bolba | 644.29384 | 6.45 | 0.10 | |
| 5 | 16 | Jaldega | 834.29728 | 8.35 | 0.10 | |
| 6 | 17 | Thethaitangar | 635.26617 | 6.36 | 0.10 | |
| 7 | 18 | Bano | 523.61339 | 5.24 | 0.10 | |
| 8 | 19 | Bano | 951.22042 | 9.52 | 0.10 | |
| 9 | 20 | Bano | 548.64665 | 5.49 | 0.10 | |
| 10 | 21 | Kurdeg, Kersai&Bolba | 934.63209 | 9.35 | 0.10 | |
| 11 | 22 | Pakartanr&Bansjor | 884.60100 | 8.85 | 0.10 | |
| 12 | 23 | Thethaitangar | 979.48552 | 9.80 | 0.10 | |
| 13 | 24 | Bano | 886.91793 | 8.87 | 0.10 | |
| 14 | 25 | Kolebira | 723.09638 | 7.24 | 0.10 | |
| 15 | 26 | Simdega | 877.56362 | 8.78 | 0.10 | |
| 16 | 27 | Simdega | 651.12037 | 6.52 | 0.10 | |
| 17 | 28 | Jaldega | 562.00241 | 5.63 | 0.10 | |
| 18 | 29 | Jaldega | 572.25805 | 5.73 | 0.10 | |
| 19 | Date of Tender Uploading in Website | | Date 03.01.2023 up to 05:00 PM | | | |
| 20 | Date of Pre-bid Meeting | | Date 04.01.2023 up to 3:30 P.M. in the office of Engineer in Chief, D.W.& S. Department Jharkhand, Ranchi. | | | |
| 21 | Last Date Receipt of Bid | | Date 16.01.2023 up to 05:00 PM | | | |
| 22 | Last Date Submission cost of BOQ and EMD in Hard Copy | | Date – 17.01.2023 up to 05:00 PM in the office of 1- Executive Engineer, DW&S Div. Simdega. 2- Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. 3- Regional Chief Engineer, D.W.& Dept. Ranchi Region, Ranchi | | | |
| 23 | Date of Opening Tender (Technical Bid) | | Date – 18.01.2023 up to 11:00 AM | | | |
| 24 | Name and Address of office Inviting Tender | | Executive Engineer, D.W.& S. Division, Simdega | | | |

अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

**Executive Engineer**
**D.W.& S. Division, Simdega.**

PR 286071 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

NEWS इन ब्रीफ

### सिमरन जायसवाल ने विधायकों से की मुलाकात

**रामगढ़।** बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल के जेल जाने के बाद उनकी धर्मपत्नी सिमरन जायसवाल अब काफी सक्रिय हो गई है। इस कड़ी में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रम में भी वे काफी बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। साथ ही साथ बीजेपी के बड़े नेताओं और विधायकों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है। विदित हो की गोली आईपीएल गोलीकांड के एक मामले में बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के नेता राजीव जायसवाल को पांच वर्षों की सजा सुनाई है।

### कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्री स्कूल शाखा का उद्घाटन आज

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज कैम्पस कॉलोनी में आज को दोपहर 12:00 बजे कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्री स्कूल शाखा का उद्घाटन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे उपस्थित होंगे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर स्कूल का उद्घाटन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी प्री स्कूल के प्रबंध निदेशक विनीत मारवाह ने बताया कि यह स्कूल 1 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए है। जहां बच्चों को मॉन्टेसरी पद्धति से परिचित कराया जाएगा। इस स्कूल में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिसमें एक बड़े खेल के मैदान, स्विमिंग पूल, एसी कैम्पस, थिएटर रूम के साथ-साथ स्कूल में माइंड लैब की सुविधा भी उपलब्ध है।

### प्रथम वार्षिकोत्सव आज, छात्र पेश करेंगे लोकनृत्य

**इचाक।** बोंगा इचाक स्थित डॉक्टर राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग में आज को प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसकी जोरदार तैयारी की जा रही है। मौके पर संबलपुरी डांस, चिरनी डांस, रश्मिरथी का नाट्य मंचन आदि विशेष आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम अपराह्न 3.30 बजे शुरू। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के चेयरमैन उमेश प्रसाद ,विभावि बायोटेक्नॉलोजी के एचओडी डॉ इंद्रजीत कुमार रहेंगे। स्कूल की डायरेक्टर अंजू कुमारी, प्राचार्य सूर्यप्रकाश पांडेय, उपप्राचार्या रोशन खान और मार्गदर्शक डॉ कौशलेंद्र ने संयुक्त रूप से बताया कि आयोजन को बेहतर करने की कोशिश की गयी है।

### कोरोना को लेकर रामगढ़ में हुआ मॉक ड्रिल

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला स्वास्थ्य प्रशासन के द्वारा ट्रामा सेंटर रामगढ़ एवं प्रखंड के सभी अस्पताल सहित सीसीएल प्रबंधन द्वारा सीसीएल अस्पताल नईसराय में भी मॉक ड्रिल संपन्न किया गया। इस दौरान कोरोना से बचाव हेतु लोगों को सतर्क किया गया, ताकि लोग जागरूक होकर अस्पताल प्रबंधन का सहयोग करें। मौके पर सीसीएल अस्पताल के प्रमुख डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश पर हमने मॉक ड्रिल किया है ताकि आम आदमी कोरोना के प्रति जागरूक हो सके।

### 60 टीबी मरीजों के बीच किया पोषण आहार किट का वितरण

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत 60 यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित वितरण समारोह में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे ने सभी लाभार्थियों के बीच पोषक किट का वितरण करते हुए इसका सदुपयोग करने का आग्रह किया।

### डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित

# रामगढ़ एक आदर्श जिला, यहां विकास की हैं अपार संभावनाएं : जयंत सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा कीअध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी।



बैठक के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ एक आदर्श जिला है जहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से रामगढ़ जिले को विभिन्न योजनाओं व कार्यों के माध्यम से विकास कि दिशा में आगे ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद में मिशन अमृत सरोवर के तहत अब तक हो चुके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पोटो हो खेल विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सुनिश्चित करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने नगर परिषद क्षेत्र में खेल स्टेडियम का निर्माण कराने सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर बैठक में उपस्थित सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्य कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करने के क्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे कराकर विभिन्न योजनाओं व आवश्यक सुविधाओं की सूची तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने इन कार्यों में विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग योजनाबद्ध तरीके से लेने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद श्री सिन्हा ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया जिस पर सांसद ने जन प्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीएम कुसुम योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को सोलर पंप का लाभ देने के उद्देश्य से सांसद ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद जयंत सिन्हा ने कोरोनाकाल के दौरान बच्चों कि शिक्षा में आई बाधा को दूर करने हेतु विभिन्न माध्यमों से किए गए कार्यों की जानकारी ली मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डीजी साथ, ज्ञानसेतु, एक्स्ट्रा क्लास आदि के माध्यम से किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। सांसद ने जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु कोचिंग व्यवस्था शुरू करने के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की।

# अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम 6:00 बजे भुरकुंडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया की इसके बाद गश्ती दल वहां पहुंच। गश्ती दल जब पहुंचा तो वहां दो व्यक्ति मिलकर एक व्यक्ति की पिटाई कर रहे थें। वे दोनों जिस युवक के साथ मारपीट कर रहे थे, उसे जबरन कार में बिठा रहे थे। गश्ती दल ने जब तलाशी ली तो रहमान खान नामक युवक के पास से पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस बरामद किया। रहमान के साथ एक अन्य युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसका नाम रघुनाथ करमाली, पे बटेश्वर करमाली साकिन निम्मी,



भदानीनगर ओपी निवासी है। बरामद पिस्टल और कारतूस का लाइसेंस मांगने पर युवकों द्वारा प्रस्तुत नही किये जाने पर पुलिस ने दोनों को गिफ्तार कर लिया। हथियार के साथ पुलिस ने युवकों के पास से 4 मोबाइल और एक कार भी जब्त किया।

पतरातू (भुरकुंडा) थाना काण्ड संख्या / 2022 दिनांक 26/12/2022 धारा-341/323/324/307/504/506/34 के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया।

# विद्युत स्पर्शाघात से तीन बेजुबानों की हुई मौत

**बरही।** बीते रात धनबाद रोड स्थित बरही बाजार पेट्रोल पंप के पास तीन बेजुवान पशुओ की मौत हो गई। जानकारी देते हुए विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार ने बताया कि यह तीनों पशु रात में खुले विचरन कर रहे थे। इसी क्रम में विद्युत स्पशार्घात हुआ और तीनो की मौत हो गई। जानवर किसका है? कोई भीं बताने को तैयार नही है। विदित हो कि पशु मालिक अपने पशुओं को सड़को पर घूमने के लिए ऐसे ही छोड़ देते है। यदि लाभ की बात हुई तो कई लोग खड़े हो जाते है और इस प्रकार के मामले में नाम बताने से भी परहेज करते है। ऐसे लोगो को चिन्हित कर कारवाई की जानी चाहिए।

# बैनर तले विस्थापितों ने सीएम से की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रैयत विस्थापित विकास मोर्चा के बैनर तले विस्थापितों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के नेतृत्व में विस्थापितों ने सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी न्यू बिरसा परियोजना का मुद्दा उठाया। विस्थापितों ने कहा कि रोड सेल (लोकल सेल) के माध्यम से रैयत, विस्थापित आदिवासी और मजदूरों पर शोषण हो रहा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सीसीएल बरका सयाल के अंतर्गत पडने वाला न्यू बिरसा परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है। सीसीएल के नियोजन से वंचित विस्थापित और प्रभावित गांव के लिए रोड सेल (लोकल सेल) बनाया गया है। इसमें 15 व्यक्तियों का समूह बनाकर गाड़ी लोडिंग की जा रही है। इसमें बेरोजगार को रोजगार से जोड़ा गया है, लेकिन इसमें रैयत, विस्थापित, मूलवासी, आदिवासी और मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ मॉक ड्रिल, डीएस ने कहा : अस्पताल पूरी तरह तैयार

# 100 ऑक्सीजन सिलेंडर, 45 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड और 56 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** मंगलवार देश भर में कोविड मॉक ड्रिल किया गया। इसी के तहत अनुमंडलीय अस्पताल में भी डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की निगरानी में कोविड मॉक ड्रिल किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कोविड-19 चौथे लहर से बचने के लिए स्वाथ्यकर्मियो के बीच अभ्यास किया गया। जानकारी देते हुए डॉक्टर ज्ञानी ने बताया कि उनके पास कोविड-19 के लिए सभी समुचित साधन उपलब्ध है।



फिलहाल ऑक्सीजन प्लांट कार्यरत है पाइप लाइन के माध्यम से सभी बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई हो रहे हैं। वर्तमान में कुल 45 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड हैं जिसमें 10 गोरियाकरमा और 10 चंपाडीह उप स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए है। इसके साथ ही 56 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर हैं। फिलहाल उनके पास जंबो और स्मॉल दोनों मिलाकर कुल 100 ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। ओपीडी में थर्मल स्कैनिंग जारी है। वैक्सीनेशन और कोविड जांच किए जा रहे है। इस दौरान अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार, लिपिक पंकज आजाद स्वास्थ्यकर्मी सुधांशु कुमार, नरेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

# टनकुप्पा स्टेशन में मालगाड़ी के तीन डब्बे हुए बेपटरी

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा गया रेलखंड के टनकुप्पा स्टेशन में मंगलवार की सुबह मालगाड़ी के 3 डब्बे बेपटरी

### 12 घंटे बाद परिचालन हुआ सामान्य

हो गए, जिसके कारण आप लाइन पर रेल परिचालन सुबह 3:15 से बाधित हो गया। हालांकि चीजें दुरुस्त कर 12 घंटे बाद परिचालन 3 बजकर 10 मिनट पर सामान्य हो गया। मालगाड़ी के 3 डब्बे बेपटरी होने के बाद गया और गोमो से दुर्घटना राहत यान घटनास्थल पर पहुंची और बेपटरी हुए मालगाड़ी के डब्बो को वापस पटरी पर लाने का कार्य किया। धनबाद रेल मंडल के कई अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अप लाइन पर मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारण 13305/13306 धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस और आसनसोल वाराणसी पैसेंजर को रद्द कर दिया गया जबकि 13009 हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस, 12311 हावड़ा- कालका मेल, 12938 हावड़ा-गांधीधाम एक्सप्रेस, 12825 राँची-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 22307 हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस, 12321 हावड़ा-छत्रपति महाराज शिवाजी टर्मिनस एक्सप्रेस, 12987 सियालदह-अजमेर सुपर फास्ट एक्सप्रेस के मार्ग परिवर्तित कर दिए गए। डायवर्ट की गई ट्रेने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, झाझा, पटना और नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन होते हुए गईं।

### सूरजकुंड स्थित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का विधायक ने किया निरीक्षण

# कुलपति व राज्यपाल से मिलकर जल्द कॉलेज चालू कराने की होगी मांग : अमित

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम नावाडीह (सूर्यकुंड) में बन रहे डिग्री कॉलेज का निरीक्षण विधायक अमित यादव ने मंगलवार को किया।इस क्रम में उन्होंने कहा कि कुलपति एवं महामहिम राज्यपाल से मिलकर शीघ्र ही कॉलेज चालु कराने की मॉग करूंगा। उन्होंने संवेदक से जनवरी के अंत तक कॉलेज को कंप्लीट कर विभाग को हैंड ओवर करने को कहा। विधायक अमित यादव ने कहा कि सत्र 2023-24 में यह संस्थान चालू हो जाय इसके लिए पूरा प्रयास रहेगा ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चों को बाहर भटकना नहीं पड़े। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के सभी विभागों व कमरों का



निरीक्षण किया। विदित हो कि यह डिग्री कॉलेज प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र सरकारी कॉलेज होगा जहां विद्यार्थी सरकारी सुविधाओं के साथ कम राशि में अध्ययन कर सकेंगे। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य विकास पांडेय ने बताया की इस कॉलेज के प्रारंभ होने से हमारे क्षेत्र के लिए शिक्षा जगत में एक बड़ी उपलब्धि होगी क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें आधुनिकीकरण तथा हर दृष्टिकोण से विकसित करने का माध्यम है। मौके पर पंसस विकास पांडेय, संजय पाण्डेय, तारकेश्वर पाण्डेय, राजकुमार यादव, नरेश ठाकुर, विजय नायक, जयराज पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# वार्ड 27 के नवनिर्मित कल्याण दास गली का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** कल्याण दास गली का अधूरा काम अब जाकर पूरा हुआ है। इस गली के निर्माण कार्य के लिए जनवरी 2022 में निगम की ओर से निविदा निकाली गई थी। जो दिसंबर 2022 में निर्मित हो गया। इसके निर्माण कार्य में लगभग 48 लाख की लागत आयी है। इस 19 फीट चौड़ी गली के दोनों ओर कवर्ड नाली के साथ पीसीसी सड़क का निर्माण किया गया है। मंगलवार को वार्ड नंबर 27 के नवनिर्मित कल्याण दास गली का फीता काटकर उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा ने किया। मौके पर हजारीबाग के सांसद समेत महापौर रोशनी तिर्की, वार्ड पार्षद सोनी क्षेत्री कृष्णा, कुलदीप कृष्णा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक यादव मौजूद समेत कई गणमान्य व



वार्ड वासी मौजूद थे। सांसद सिन्हा ने कहा कि कल्याण दास गली का सौंदर्यीकरण करना काफी जरूरी था। इस गली से संबंधित लोग एक अर्से से इसके जीर्णोद्धार की आस लगाए हुए थे। जिनका सपना अब पूरा हुआ है। इसके निर्माण हो जाने से लोगों में भी काफी खुशी देखने को मिल रही है। अब इस गली से लोगों को आने जाने में काफी सुविधा होगी। साथ ही कहा साफ-सफाई की जिम्मेदारी निगम के अतिरिक्त वार्ड वासियों की भी है।

### कार्यक्रम | श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया वीर बाल दिवस

# बच्चों ने बनाया प्रॉमिस कार्ड

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरू नानक पब्लिक स्कूल प्राथमिक विंग द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए विद्यालय में वीर बाल दिवस मनाया गया। मंगलवार को दूसरे दिन 10वें गुरू श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार प्यारे पुत्रों जिन्होंने अपनी पूरी वीरता दिखाई और मुगल साम्राज्य के अत्याचार के खिलाफ खड़े हुए और उन्हें अपने माता-पिता का सम्मान करने के गुणों से समृद्ध करने के लिए उन्हें जागरूक करने




के लिए चार साहिबजादे पर एनिमेटेड फिल्म बनाई। साथ ही अन्य गतिविधियों में कक्षा 1 और 2 के छात्रों द्वारा प्रॉमिस कार्ड शामिल थे। छात्रों ने ये कार्ड तैयार किया और उन्हें साहेबजादों की शहादत की याद दिलाने के लिए कक्षा में लगाया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। कहा कि गुरू जी के 4 साहिबजादों की शहादत देश वासियों को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदारपुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने छात्रों के प्रयास की भरपूर सराहना की।

# जामियातुर अशरफिया मुबारकपुर से ईल्म लेकर पहुंचनेवालों का स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** झारखंड के विभिन्न जिलों से करीब 50 लोगों के द्वारा जामियातूर अशरफिया मुबारकपुर आजमगढ़ उत्तर प्रदेश से अल्लामा हाफिज व कारी रुस्तम अली मिस्बाही फजीलत के ताज लेकर अपने गांव छोटकी बरही पहुंचने पर पंचायत के लोगों ने फूल व माला पहनाकर गर्म जोशी से इस्तेकबाल किया गया। इस्तेकबाल करने वालो में हाजी वारिस साहब, मौलाना मो इस्लाम, मिस्बाही मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, मो सेराज, मो खलील, मो गनी, मो तैयब, मो असलम, मो अख्तर आदि शामिल थे ।स्वागत कार्यक्रम मो तौकीर रजा अंसारी प्रदेश अध्यक्ष युवा झारखंड राष्ट्रीय



अंसारी एकता संगठन की अगुवाई में आयोजित हुई। मिली जानकारी के अनुसार इल्म के दस्तार पाने वाले की संख्या हाफिज 17, मौलबी व कारी 94, आलिम 140, फाजिल 168, फाजिल खुशुशी 21वं मुफ्ति 5 है। इन सबों को आलमियत व फजीलत के दस्तार की ताज के साथ सभी के नाम के आखिर में मिस्बाही लकब से नवाजा गया। दस्तार पाने वाले आलिमो में रुस्तम अली, मिस्बाही मो सफीक रजा, मो कलीम हबीबुल्लाह अंसारी, अल्फाज अंसारी, दिल शेर रजा, मो आशिम, मो कमाल, मो महताब आलम, हसमत अली हजारीबाग, अहमद रजा, जुनेद अंजुम कोडरमा, जाहिद रजा, राईसुल होदा एल, अल्ताफ रजा, दिलनवाज अंसारी, आरिफ रजा, शैफउल्लाह अंसारी, साजिद रजा गिरिडीह, रुस्तम अंसारी बोकारो, अब्दुल अजीज धनबाद, अलीम उद्दीन अहमद रजा देवघर, मो बाबर अली, गुलाम रसूल चतरा, अब्दुल्लाह अंसारी पलामू, गुलाम मसरूर पाकुड़, ईमाम उद्दीन जामताड़ा के भी नाम शामिल है।

# क्रिकेट : 21 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

# प्रतिभा को आगे ला रहा स्कूली टूर्नामेंट

नवी मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में छठे दिन दिन खेले गए तीन अलग-अलग मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला को 80 रन से, ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने गनियारी कला धुरकी की टीम को 3 विकेट से हराया वही तीसरे मैच में आर के पब्लिक स्कूल मझिआंव बनाम ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के बीच खेले गए मैच के दौरान आर के पब्लिक स्कूल में सीनियर खिलाड़ियों के खेलने के कारण ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल को विजेता घोषित किया गया। मैच से पूर्व सांसद बीडी राम प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहले मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए



निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर अजीत कुमार के 47 और हर्षित के 32 रनों के सहयोग से 123 रनों का स्कोर खड़ा किया । 124 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला की टीम आर के पब्लिक स्कूल के गेंदबाज शौर्य तिवारी के घातक गेंदबाजी के सामने 43 रनों पर ही सिमट गई। दूसरे मैच में गनियारी हाई स्कूल धुरकी की टीम को उतरी ब्राइट फ्यूचर ने हराया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आर के पब्लिक स्कूल के शौर्य तिवारी, दूसरे मैच में ब्राइट फ्यूचर स्कूल के आकाश कुमार को प्रतियोगिता के पदाधिकारी अशोक विश्वकर्मा, कमलेश कुमार दुबे, दीपक, पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी शमीम, शैलेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। अंपायर की भूमिका साहिल , विवेक, मोसिन खान , मनीष उपाध्याय, शुभम सौरभ ने निभाई वही स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार ने निभाया ।

## प्रतिभा का जौहर दिखा रहे खिलाड़ी

21 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता छठे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद विष्णुदयाल राम ने कहां की बच्चों के बीच छिपी प्रतिभा को आगे लाने का काम स्कूल स्तर पर आयोजित होने वाला स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता कर रहा है। इसके लिए इस कमेटी के से जुड़े लोगों की तारीफ जितनी की जाए वह कम है। सासंद गढ़वा जिला मुख्यालय में अवस्थित टाउन हॉल के मैदान में चल रहे जिला स्तरीय अंतर स्कूली क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचे थे। जहां उनके द्वारा दोनो टीमों ब्राइट फ्यूचर और गनियारी उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए आज के मैच की शुरूआत कराई। मौके पर सांसद ने कहा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति इक्कीस सालों से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ताकि स्कूली बच्चों के अंदर जो खेल प्रतिभा छुपी हुई है उसे निखारा जा सके। मैं पहले भी इस खेल आयोजन में शामिल रहा हूं,जहां तक मुझे जानकारी है उसके अनुसार इस प्रतियोगिता में खेल चुके कई खिलाड़ी अपने राज्य सहित सुदूर प्रदेशों में आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं में शामिल हो अपने उस खेल का मुजायरा कर चुके हैं जिसमें वो यहां खेल कर पारंगत हुए।

## विकास योजनाओं की राशि उपलब्ध कराने की मांग की

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने मुख्यमंत्री के सचिव को पत्र प्रेषित कर प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य विकास योजनाओं की राशि उपलब्ध कराने की मांग किया है। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास की राशि के अभाव में प्रथम,द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ किस्त लाभुकों को नही मिल पाने से लाभको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम आवास योजना अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है,जो हर तबके के लोगो को मुहैया कराया गया है। राशि के अभाव में अपनें मकान में रहने का उनका सपना अधूरा सा है। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पर्यटन के दृष्टिकोण से बाबा बंशीधर, राजा पहाड़ी स्थित मुख्यमार्ग में सोलर स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरा, बस स्टैंड,पार्क का निर्माण किया जाना है लेकिन राशि के अभाव में उक्त विकास योजनाएं धरातल पर नही उतर पा रही है।

# आतंक: चोरी की घटनाएं बढ़ी पुलिस को चुनौती दे रहे चोर

नवीन मे संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ा हुआ है, विभिन्न इलाकों में सक्रिय चोरों ने घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। चोरों ने सोमवार की देर रात्रि में थाना क्षेत्र के हलीवंता कला गांव निवासी योगेंद्र चौधरी के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर से सोना चांदी के जेवर बर्तन कपड़ा व 55 हजार नगद समेत 5 लाख रुपए कि संपत्ति की चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित योगेंद्र चौधरी ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि पुराने घर का दरवाजा बंद कर बगल में ही नया घर में सोने चले गए थे। वही सुबह में बच्चों द्वारा जानकारी मिली कि पुराने वाले घर के मेन गेट का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान तितर-बितर किया हुआ है। उन्होंने बताया कि घर के अंदर का सभी



ताला तोड़ा हुआ है वही अलमीरा में रखें 55 हजार नगद समेत लाखों रुपए के सामान गायब है। उन्होंने बताया कि चोरों ने सोने का दो चैन, सोने का 5 पीस अंगूठी, सोने का मन टीका 1 पीस, सोने का नथिया एक पीस, सोने का झुमका,सोने का बाली 1 जोड़ा, टॉप्स सोने का 4 पीस, सोने का मंगलसूत्र तीन पीस, चांदी का पंजा, चांदी का पाजेब 3 पीस, नया साड़ी 10 पीस चोरी कर लिए हैं। इधर घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय थाना प्रशिक्षु दरोगा चंद्रदेव कुमार ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच किया। उन्होंने घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली।

# महुआडांड़ में 21जोड़ों की हुई सामूहिक विवाह

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड के संत जोसेफ पारिस महुआडांड़ में मंगलवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पल्ली पुरोहितों द्वारा इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार में समाज के नियम के अनुसार जीवन यापन के लिए विवाह सूत्र में बांधा गया एवं सामाजिक व धार्मिक अधिकार दिये गये। मौके पर महुआडांड़ परिष के बड़े फादर सुरेश किडो, गोठगांव पारिस केफा विजय के द्वारा विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। वही चर्च में जोड़ों की पवित्र विवाह संस्कार की आशीर्ष हुई एवं महाप्रसाद ग्रहण कर पति पत्नी के रूप में एक दुसरे को जीवन साथी चुना। विवाह मे आये सैकड़ो लोगों ने जोड़ो को बधाई दी। गौरतलब है



कि मसीही परिवार की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। इससे पूर्व चर्च परिसर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया। पूजा एवं विवाह कार्य संपन्न होने के बाद संक्षिप्त रूप से चर्च परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वर-वधू पक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे। जिन्होंने नए जोड़ो को अपना आशीर्वाद दिया।

## जला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

# 124530 छात्रों को मिलेगा छात्रवृत्ति

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान हेतु जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति कि बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का द्वारा विभागीय संकल्प के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति भुगतान के संदर्भ में सभी सदस्यों को जानकारी दी। इसके पश्चात जिले के कक्षा एक से दस तक के 1571 विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा ई कल्याण पोर्टल में 127632 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन अपलोड करने की बात कही गई। जिसमें डीएनओ लेवल द्वारा पहले 102006 कमिटी



द्वारा स्वीकृत किया गया था। जिसमें 22524 छात्र-छात्राओं का डाटा डीएनओ लेवल से सत्यापित कर कमिटी के समक्ष सूची प्रस्तुत किया गया। जिसे जांच करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृत कर भुगतान करने का निर्णय लिया गया। जिले में कक्षा एक से दस तक के 1571 विद्यालयों में से 1401 विद्यालय द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर किए गए अपलोड डेटा में कमिटी द्वारा कुल 124530 छात्र/छात्राओं का छात्रवृति भुगतान करने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर शेष विद्यालय को अविलम्ब डाटा अपलोड कराने का निर्देश उपायुक्त श्री इमरान द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी स्मृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों को मिले इसके लिए उन्होने संबंधित पदाधिकारी को शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, डीईओ दिनेश मिश्र, डीएसई अभिषेक बड़ाईक, जिला अग्रणी प्रबंधक देवब्रत शर्मा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बैंकिंग सिस्टम के शिकार लाभुक दर-दर भटकने को हैं विवश

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** गरीबों के लिए आवंटित आवास की राशि भुगतान के लिए भुक्तभोगी महिला दर-दर की ठोकरें खा रही है। जी हां, मामला टंडवा प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर टोला मधवापुर की रहने वाली सहोद्री देवी पति तिलेश्वर महतो पीएम आवास लाभुक की है। मिली जानकारी के अनुसार आवंटित पीएम आवास निबंधन संख्या जेएच 142231360 के तहत दी जाने वाली प्रथम किश्त बैंक आफ इंडिया के टंडवा शाखा से 40 हजार रूपए 24 फरवरी 22 को किसी दूसरे के बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया। सुनने में भले अटपटा लगे पर अबतक मिले तथ्य बेहद गंभीर व चौंकाने वाले हैं। संबंधित प्रखंड कर्मियों की मानें तो बैंक खाते में दोहरा आधार कार्ड जुड़ा होने के कारण गड़बड़ी हुई है। हालांकि, बैंकिंग सिस्टम की गड़बड़ी का यह मामला कोई नया नहीं है, ऐसे दर्जनों मामले हैं जिसमें बैंकिंग गड़बड़ी के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा है। इस मामले में पूछे जाने पर बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि संबंधित कर्मियों को समुचित जांच के निर्देश दिए हैं। तकनीकी कारणों से दूसरे के बैंक खाते में ट्रांसफर हुई राशि रिकवर कर लाभुक को शीघ्र हीं उपलब्ध करा दी जाएगी। लेकिन, असामान्य त्रुटि जिसमें बेहद अंतर वाले दो आधार कार्ड एक हीं खाते में अलग-अलग का जुड़ना आश्चर्यजनक है जो बैंकिंग सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। यह महज संयोग होता है या प्रयोग यह तो उच्चस्तरीय जांच में हीं खुलासा संभव है।

# अल्बर्ट एक्का की 79वीं जयंती मनायी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने परमवीर अल्बर्ट एक्का की 79वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम अल्बर्ट एक्का के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम कि शुरूआत कि गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा की अल्बर्ट एक्का एक महान योद्धा थे। हॉकी के अच्छे खिलाड़ी एवं महान देश भक्त थे। लॉस नायक अल्बर्ट एक्का परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक थे। 1971 ई. के भारत पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों के दात खट्टे करते हुए शहीद हो गए थे। इन्हे मरणोपरान्त सर्वोच सैनिक समान परमवीर चक्र



प्रदान किया गया। वे एक मात्र एकीकृत बिहारी को जिन्हें परमवीर चक्र से सम्मानीत किया गया। वे अनुशासन का ही प्रमाण है कि ट्रेनिंग के दौरान अब्बर्ट एक्का को लॉस नायक बना दिया गया था। शिवनरायण साव ने अल्बर्ट एक्का की जिवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अल्बर्ट एक्का के जन्म 27 दिसम्बर 1942 ई. को हुआ था। वे देश के सच्चे सपुत थे। उन्होने अंतिम दम तक दुश्मनों के साथ लड़ते रहे। इस अवसर पर श्याम पाठक, जयपाल मोची, रामयाद उरॉव, हिरामन राम, अनिल राम, प्रेम कुमार, दिपक कुमार, प्रभात कुमार, विनय राम, यश्वंत कुमार, उपेन्द्र कुमार एवं नन्हक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जंगली जानवर के हमले से पालतू पशु की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रखंड की उलडंडा पंचायत के बाघी गांव 1/6 पतलहटिया टोला में सोमवार की रात्रि धनेश्वर चौधरी, पिता स्व. नाथन चौधरी ने कहा कि प्रतिदिन की तरह मैं सोमवार को शाम अपने घर के पास बने पुआल के झाला के नीचे मवेशी बांध दिया। और मंगलवार सुबह देखा कि वहां पर अचेत अवस्था में एक गोरू गिरा है। नजदीक जाकर देखा तो पेट फटा हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवर ने इसे नोच कर खून सारा पी गया और छोड़ कर चला गया। इसकी जानकारी जब गांव में आग की तरह फैली गयी। वहीं जंगली जानवर ने गाय के बछड़े पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

# धूमधाम से मनाया गया भाकपा का स्थापना 98वां दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का स्थापना दिवस समारोह गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जनेश्वर भुइयां ने किया। इसके बाद सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ वामपंथी नेता सूर्यपत सिंह , नंदलाल सिंह एवं अधिवक्ता शिव कुमार सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सर्वप्रथम कम्युनिस्ट पार्टी के आंदोलन में शहीद हुए कार्यकर्ताओं, सेना के जवान डॉक्टर्स किसान के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शोक प्रस्ताव भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने प्रस्तुत किया। वहीं सूर्यपत सिंह ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुआ था और आज पूरे देश में पार्टी 98 वां स्थापना दिवस मना रही है। राष्ट्रीय आजादी के दीवानों ने पूर्ण आजादी के साथ-साथ देश में समाजवाद की स्थापना के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का निर्माण किया। आज स्थापना दिवस के अवसर पर शोषण मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए पार्टी को मजबूत करने की आवश्यकता है।

## कोविड की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कोविड को लेकर वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार प्रभारी अस्पताल उपाधीक्षक सह



चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कोविड 19 की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रील किया गया। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल एक ऐसा परिदृश्य है, जिसमें भाग लेने वाले ठीक उसी तरह अभ्यास करते हैं, जैसे आपातकाल में कोरोना वायरस से पीड़ित मरीज आने के दौरान करते है। कोरोना के बढ़ते खतरे की आशंका के बीच मॉड ड्रिल किया जा रहा है। मॉक ड्रिल में डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी कैसे कोविड 19 से पीड़ित मरीज के संक्रमण से बचते बचाते पूरी सावधानी के साथ मरीज को इलाज हेतु लायेंगे और इलाज करेंगे। मॉक ड्रिल में विभूति कुमार गुप्ता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ,संगीता कुमारी एएनएम,उत्तम कुमार दास एमपीडब्ल्यू, प्रेमजीत कुमार सिंह, विजय चंद्रवंशी, अमित कुमार शामिल रहे।

## लाभुक बीडीओ समेत मनरेगाकर्मियों को लगाया अर्थ दंड

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनरेगा लोक पाल शंकर कुमार ने सतबरवा प्रखंड अंतर्गत बकोरिया पंचायत के लाभुक जमीला बीबी को पशु शेड निर्माण के मामले में अर्थदंड लगाया है। लोक पाल ने बीते 27 जुलाई को बकोरिया पंचायत की जमीला बीबी का पशु शेड निर्माण योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि पशु शेड का उपयोग स्टोर रुम और मोटरसाइकिल गैरेज के रूप में किया जा रहा है। पशु शेड का गलत उपयोग करने के आरोप में लोक पाल ने लाभुक जमिला बीबी को 2000 रुपये अर्थ दंड लगाया है। जबकि बीडीओ, डीपीओ, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और मुखिया को एक एक हजार रुपये अयोग्य लाभुक को पशु शेड निर्माण कराने के आरोप में अर्थदंड लगाया है। लोक पाल ने अर्थदंड की राशि वसूली के लिए उप विकास आयुक्त सह जिला कार्यक्रम समन्वयक को पत्र लिखा है।

## चार साहिबजादे फिल्म दिखाई गई

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर के बेलवाटिका स्थित श्री गुरु तेग बाहदूर मेमोरियल हॉल में रविवार की शाम में चार साहिबजादे फिल्म को दिखाया गया। सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के चार साहिबजादे तथा माता की शहादत को नमन करते हुए शहीदी पर बनी फिल्म चार साहिबजादे का हिन्दी रूपांतरण को प्रदर्शित किया गया। समाजसेवी सतबीर सिंह राजा एवं समस्त सिक्ख संगत के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में मेदिनीनगर के निवासियों ने भाग लिया। फिल्म प्रदर्शन के बाद लंगर प्रसाद भी पलामूवासियों ने चखा। व्यवसायी सोनू सिंह नामधारी, इंद्रजीत सिंह डिंपल आदि मौके पर सक्रिय रहे। झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, रोहन कुमार शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए और अमर बलिदान की गाथा को समझने और प्रेरणा लेने का प्रयास किया।

## भाजपा का जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय में हुई। जिसमें पार्टी की आगामी कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि राज्य सरकार ने किसी तरह 3 साल तो पूरा कर लिया पर इनके पास गिनाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल हो चुकी है। इन पर से जनता का विश्वास उठ चुका है। अपने 3 साल के कार्यकाल के दौरान यह बता दिया कि ये सरकार में जनता के लिए नहीं, सिर्फ अपने लिए हैं और सिर्फ अपने लिए ही सरकार में बने रहना चाहते हैं। इनके 3 साल के कार्यकाल में विकास कार्य ठप हो चुका है, भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर हैं। इनकी विफलताओं को उजागर करने के लिए भाजपा पलामू योजनाबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मौके पर जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय एवं रिना किशोर, जिला मंत्री रेनू देवी, धीरेंद्र दुबे संतोष सिंह एवं मनोज दुबे, जिला मीडिया प्रभारी संटू सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## साहित्य सेवा: हिंदी साहित्य से हरिवंश प्रभात व उर्दू साहित्य से एमजे अजहर सम्मानित

# कल्याण गुरुकुल में फ्लैग ऑफ सेरेमनी बैच - 32 संपन्न, नियुक्ति पत्र वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कल्याण गुरुकुल पलामू के सभागार में फ्लैग ऑफ सेरिमनी बैच - 32 का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कल्याण गुरुकुल पलामू के प्राचार्य राजेंद्र राय ने की। विषय प्रवेश एरिया मैनेजर दीपक कुमार ने कराया। अतिथियों का स्वागत पब्लिक रिलेशन के रोहित कुमार ने किया। मौके पर हिंदी साहित्य से हरिवंश प्रभात व उर्दू साहित्य से एमजे अजहर को साहित्य सेवा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में फ्लैग ऑफ सेरिमनी बैच 32 के कुल 16 अभ्यर्थियों में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य राजेंद्र राय ने कहा कि




कवि-शायरों की उपस्थिति से गुरुकुल परिवार गौरवान्वित हुआ है। उनका आना हमारे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने अतिथियों से भविष्य में भी सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा कल्याण गुरुकुल परिवार हमेशा फले- फूले यही उनका प्रयास है।

**सम्मानित साहित्यकार :** शिक्षकों ने मौके पर अपनी कई कविताओं का पाठ किया। उन्हें इंदौर का पाठ सम्मानित किए जाने पर साहित्य व शिक्षा जगत में खुशी की लहर है और बधाइयां मिल रही हैं। बधाई देने वालों में डॉ. तस्लीम आरिफ, परशुराम तिवारी, मनीष मिश्रा, अमीन रहबर, सुलेमान अंसारी, रेणु कुमारी जायसवाल, हलीमा खातून, गुरमीत सिंह मीत जरमस्तपुरी, नौशाद अहमद खां, इमरान शाद, मंसूर अहमद के नाम शामिल है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सरकारी योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : प्रमीला

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर समुदाय भवन के प्रांगण में वार्ड 31की पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमीला देवी ने सरकार के द्वारा चलाये गये गरीब एवं मध्यम वर्ग की बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फूले योजना के तहत 146 बच्चियों को सुकृत पत्र दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र की बच्चियों हमारी घर की बच्ची समान है। किसी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, वार्ड 32 पार्षद अनीशा खातून, सेविका सुल्ताना खान, सबिता देवी, अनिता देवी, अशगरी बानो, निखत परवीन, पिंकी देवी, सबाना, धीरज जायसवाल, छोटू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सप्लाई पानी के लिए चैनल बना

**मेदिनीनगर।** शहर में पानी सप्लाई के लिए कोयल नदी से जल उठाव किया जाता है। जिसे पाइप के सहारे सभी टंकियों में भेजा जाता है। कोयल नदी में पानी का स्तर कम हो जाने के कारण पानी सप्लाई में समस्या आ रही है। जिसके कारण विभाग के द्वारा पाइप इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कोयल नदी में जेसीबी मशीन के द्वारा चैनल कटवाया गया। संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि जैसे जैसे नदी में जल स्तर कम होता जाता है वैसे ही चैनल कटवाया जाता है। जिससे पानी आपूर्ति बाधित न हो।

### संविदा पर होगी असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति

**मेदिनीनगर।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में संविदा पर असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाएगी। यह नियुक्ति 11 महीने के लिए मान्य होगी। झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार 10 जनवरी तक आनलाइन व आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार की आयु 45 साल तक होनी चाहिये। 16 जनवरी को उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जायेगा। नियुक्ति यूजीसी गाइडलाइन के तहत की जायेगी। नियुक्ति में पीएचडी डिग्री धारकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

### छात्रवृत्ति योजना में एकडरी स्कूल के तीन छात्र सफलन

**हुसैनाबाद।** मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2022 के तहत हुसैनाबाद के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में वर्ग आठ के पास आउट छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें वर्तमान में वर्ग नवम कक्षा में अध्ययनरत छात्रों में प्रिंस कुमार, राजीव कुमार, शशि कुमार को विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार पुनम, श्रीराम सिंह, उपेन्द्र, लक्ष्मी, मोहम्मद असलम के बेहतर योगदान से छात्रों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस योजना से सराहनीय प्रतिवर्ष 12000 राशि के हिसाब से चार साल में छात्रों को 48000 रुपये का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में प्रतिवर्ष छात्र सफलता हासिल करते हैं। कोरोना काल में भी इन बच्चों को पेड़ के नीचे पढाने का कार्य करते थे। आज उनका परिश्रम व मेहनत रंग लाया है।

### शिलापट्ट तोड़कर निर्माण का किया विरोध

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के कोट खास में सीताडीह कोईरीटोला तक 1.6 किलोमीटर सड़क निर्माण का विरोध ग्रामीणों ने शिलापट्ट तोड़कर किया। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत सड़क की मरम्मत के लिए सोमवार को सांसद सुनील कुमार सिंह व विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शिलान्यास किया था। ग्रामीणों की शिकायत है कि सड़क जहां बनना था वहां न बनाकर दूसरे जगह निर्माण कराया गया था। अब उसी सड़क की मरम्मत भी कराया जा रहा है।

**ज्ञान की बात**

**जाहिर है कि सफलता सिर्फ ऐसे लोगों को ही मिलती है जो कि अपने काम के प्रति ईमानदार रहते हैं और पूरी सच्चाई एवं लगन के साथ मेहनत करते हैं। साथ ही दूसरों को सम्मान देते हैं। वहीं दूसरी तरफ कई लोग ऐसे होते हैं जो कि सिर्फ खुद को और परिस्थितियों को दोष देते रहते हैं और यह सोचते हैं कि उनके पास पढ़ने या फिर कुछ बनने के लिए पर्याप्त पैसा और सुविधा नहीं है एवं इसके लिए बिल्कुल भी मेहनत नहीं करते। – *अज्ञात***

## फिर कोरोना

**फिर** एक बार कोरोना की दस्तक सुनाई पड़ने लगी है। हालांकि हमारे यहां फिलहाल कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी है। लेकिन यह बहुत व्यापक स्तर पर उठाए गये कदमों और बहुस्तरीय सावधानी के कारण हो सका है। यह सुरक्षित स्थिति कायम रहे और इस महामारी से पूरी तरह आजादी मिले, यह सभी की इच्छा होगी। इसके लिए जरूरी है कि जिन उपायों के सहारे हमारा देश कोरोना विषाणु के खतरे की जद से बाहर आ सका है, उनके प्रति अब भी कुछ समय तक लापरवाही नहीं बरती जाये। कोरोना की जन्मस्थली से अभी जैसी खबरें आ रही हैं, वे चिंता पैदा करने वाली हैं। वहां अचानक एक बार फिर संक्रमण बढ़ गया है और इससे वहां का जन-जीवन बाधित हो रहा है। इसके मद्देनजर यहां अगर समय रहते कोरोना संक्रमण से बचाव की तैयारी शुरू हो गई है, तो यह उचित ही है। पिछले दो-तीन दिनों में सरकार ने इस मसले पर कई स्तर पर चौकसी बरतने के संकेत दिए हैं। इसी क्रम में पिछले दिनों अधिकारियों से किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने को लेकर आगाह किया गया है। साथ ही कोरोना के मामलों पर सख्त निगरानी की सलाह दी गई है। दरअसल कुछ देशों में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के एक नये बहुरूप ओमीक्रान बीएफ.7 के संक्रमण के मामले सामने आये हैं। उससे सभी का चिंतित होना लाजिमी है। करीब तीन साल पहले जब पहली बार इसके आयात देश वुहान से कोरोना विषाणु के संक्रमण और उसके जानलेवा खतरों की खबरें आई थीं, तब बहुत सारे लोगों को लगा था कि संभवतः इसका असर वहां तक ही सीमित रहेगा। मगर कुछ ही महीनों के भीतर दुनिया भर में यह विषाणु जिस तरह फैल गया और इसकी जद में आने वाले लाखों लोगों को असमय ही अपनी जान गंवानी पड़ी, उसकी याद आज भी हर व्यक्ति को दहला देती है। इस जानलेवा विषाणु की मार के कई गंभीर दौर आये और उसके बाद भी इसका असर अब तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जाहिर है, एक बार फिर इसके जन्मदाता और अन्य कुछ देशों से इस विषाणु के नये बहुरूप के फैलने की खबरों के बाद हर तरफ चिंता की लकीरें उग आई हैं। इसलिए इस मसले पर सावधानी बरतने और बचाव के

**हमारा देश कोरोना विषाणु के खतरे की जद से बाहर आ सका है, उनके प्रति अब भी कुछ समय तक लापरवाही नहीं बरती जाये। कोरोना की जन्मस्थली से अभी जैसी खबरें आ रही हैं,वे चिंता पैदा करने वाली हैं।**

उपायों को लेकर सजग रहने की जो बात कही जा रही है, वह वक्त का तकाजा है। संभव है कि कुछ लोगों को लगता हो कि अब कोरोना का जोर कमजोर पड़ गया है। लेकिन इससे बचाव को लेकर सतर्क रहने की सलाह सबके हित में है। राजनीतिक दलों की ओर से चलाये जा रहे अभियानों में भी अपने स्तर पर कुछ सतर्कता बरती जानी चाहिए। इससे अच्छा क्या होगा कि एक बार फिर कोरोना के अन्य बहुरूपों के पांव जमाने से पहले ही उससे बचाव की दीवार खड़ी कर ली जाये, ताकि अतीत में हुए व्यापक जानमाल के नुकसान से लोगों को फिर न गुजरना पड़े।

# कोरोना से लड़ाई में एक गलती पड़ सकती है भारी



**इस** समय दुनिया के अनेक देश कोरोना के नये वैरियंट बीएफ.7 से जूझ रहे हैं। भारत में भी कोरोना के नये केस आये हैं लेकिन भारतीयों के चेहरे पर कोई? खौफ नजर नहीं आ रहा। इसका श्रेय देश में सफलतापूर्वक चले टीकाकरण अभियान को जाता है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना के नये वेरिएंट के मामलों और उससे हुई मौतों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारत में भी चीन में तबाही लाने वाले एवं भयंकर तबाही की आहट देने वाले बेरिएंट बीएफ.7 के 4 नये मामले मिले हैं, जो गहरी चिन्ता बढ़ा रहे हैं। सरकार सर्तक हो गयी है, आम जनता को भी सावधान रहना होगा। मास्क पहनने एवं बूस्टर डोज लगवाने के अभियान को गति देनी होगी। सार्वजनिक भीड़ को कम करना होगा, सभाओं, त्यौहारों, राजनीतिक आयोजनों पर नियंत्रण करना होगा, स्कूलों को भी सावधान एवं चौकन्ना रहना होना होगा। सब जानते हैं कि इस विषाणु और उसके संक्रमण से उपजी बीमारी की शुरूआत चीन से हुई थी और उसके बाद दुनिया का अनुभव बेहद त्रासद, डरावना एवं विस्फोटक रहा। यही वजह है कि अब एक बार फिर चीन में जब कोरोना संक्रमण से हालात बिगड़ने की खबरें आ रही हैं तब दुनिया के अनेक देशों के साथ-साथ भारत में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। खबरों के मुताबिक चीन में स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है और संक्रमितों के इलाज के लिए अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही है। कोरोना की नयी लहर लाने वाले वाले वेरिएंट बीएफ.7 से जुड़ी खबरें एक बार फिर बड़े महासंकट का इशारा कर रही हैं। चीन एवं दुनिया के अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामले चिंता में डालने लगे हैं, क्योंकि कोरोना की पूर्व लहरों में भारी जन-तबाही हुई है। अब इस नयी लहर को लेकर जैसे भयावह दृश्य चीन में बने हैं, वे भय, डर एवं आशंका का माहौल बना रहे हैं, भारत के लिये सुरक्षित जीवन के लिये बूस्टर डोज एक जरूरी एवं उपयोगी कदम है। पिछले लम्बे समय से कोरोना महामारी को लेकर राहत का माहौल हमने देखा था, उससे यह लगने लगा था कि अब शायद दुनिया पहले की तरह सामान्य स्थिति की ओर लौट रही है। लेकिन अब फिर चीन से जैसी खबरें आ रही हैं, वह एक तरह से सतर्क रहने की चेतावनी दे रही हैं, ताकि समय रहते कोरोना के फैलाव को रोका जा सके। भारत ने पूर्व में कोरोना महामारी को परास्त करने में जो उपक्रम किये, वैसे ही उपक्रम किये जाने की जरूरत है। दूसरी लहर से लें सीख, ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर पर फोकस, राज्यों को केंद्र की नई कोविड एडवाइजरी कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार अगर सतर्क हुई है तो यह उसकी जनता के प्रति जागरूकता को दर्शाता है, जो आवश्यक भी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को एक बैठक करके हालात की समीक्षा की। उसके बाद नीति आयोग की तरफ से लोगों को भीड़भाड़ वाली जगह में मास्क लगाने की सलाह दी गई। एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। इससे पहले सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया कि कोरोना के हर पॉजिटिव सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा जाय। इससे इस बात पर नजर बनी रहेगी कि देश में इस वायरस का कोई नया वेरिएंट तो नहीं आ गया। ये सावधानियां किसी भयंकर विनाश से भारत की जनता को बचाने एवं सुरक्षित करने के लिये जरूरी हैं। भारत में अभी बेवजह की चिन्ता एवं घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एक तो यहां नये केसों की संख्या सबसे निचले स्तर पर है। दूसरे, देश में आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग चुका है। साथ ही, यहां नैचरल इम्युनिटी भी विकसित हो चुकी है। दरअसल, भारत में कोरोना से बचाव के लिए जिस तरह व्यापक स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया और लोगों ने इस मसले पर जागरूकता दिखाई, वह यहां राहत का एक बड़ा कारण है। माना जा रहा है कि टीकाकरण के मामले में भारत को जैसी उपलब्धि मिली है, उसमें अब कोरोना के बहुरूपों के संक्रमण से लोग बचे रहेंगे। टीका बनाने वाली कंपनियों के साथ-साथ सरकार की ओर से भी इस बात का आश्वासन दिया गया था कि टीका कोरोना के खिलाफ एक सुरक्षा दीवार के तौर पर काम करेगा। इसके बावजूद विषाणुओं की प्रकृति को देखते हुए हर स्तर पर सजग रहने एवं बूस्टर डोज को प्राथमिकता देने की जरूरत है, अन्यथा इसकी मार से उपजी त्रासदी दुनिया देख चुकी है। कोरोना का अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हलके में नहीं लेना चाहिए।

**मास्क पहनने एवं बूस्टर डोज लगवाने के अभियान को गति देनी होगी। सार्वजनिक भीड़ को कम करना होगा, सभाओं, त्यौहारों, राजनीतिक आयोजनों पर नियंत्रण करना होगा, स्कूलों को भी सावधान एवं चौकन्ना रहना होना होगा। सब जानते हैं कि इस विषाणु और उसके संक्रमण से उपजी बीमारी की शुरूआत चीन से हुई थी,सभाओं, त्यौहारों, राजनीतिक आयोजनों पर नियंत्रण करना होगा...**

इन दिनों



ललित गर्ग

## बोधि वृक्ष

### धनवान बनने का आध्यात्मिक रहस्य

**(गतांक से आगे)**

ऐसा विचार करके वह जा ही रहा था कि तभी उसे रास्ते में एक मछुआरा दिखाई दिया। ब्राह्मण ने देखा कि मछुआरे के जाल में एक नन्ही मछली फंसी हुई है, जो छूटने के लिए बहुत तड़प रही थी। ब्राह्मण को उस नन्ही मछली पर दया आ गई। ब्राहमण ने सोचा इन दो पैसों से और तो कुछ होना जाना है नहीं, इस मछली की ही जान बचा देता हूँ। ब्राह्मण की करुणा जाग पड़ी और उसने मछुआरे से मछली खरीदकर अपने कमंडल में डाल ली और उसे नदी में छोड़ने के लिए चल पड़ा। ब्राह्मण मछली को लेकर बाजार से गुजर ही रहा था कि उसने देखा कि मछली के मुख से कुछ निकला। यह वही माणिक्य का था जो उसने पुराने घड़े में छुपाया था। माणिक्य मिलने की खुशी में ब्राह्मण जोर-जोर से चिल्लाने लगाः मिल गया, मिल गया, मिल गया! तभी संयोग की बात है कि वह लुटेरा जिसने ब्राह्मण की मुद्राएँ लुटी थी, वह उसी बाजार में था। उसने ब्राहमण को चिल्लाते हुए देखा तो सोचा कि निश्चय ही ब्राहमण ने उसे पहचान लिया है, इसलिए चिल्ला रहा है। अब जाकर ब्राह्मण राजदरबार में उसकी शिकायत करेंगा। ऐसी सोचकर लुटेरा भय से कांपने लगा। लुटेरे ने ब्राह्मण से क्षमायाचना करने में ही भलाई समझी। लुटेरा भय से कांपते हुए हाथ जोड़कर ब्राह्मण के पास गया और क्षमा याचना करते हुए सारी मुद्राएँ उसे लौटा दीं। यह देखकर अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष नतमस्तक हो गये और बोलेः प्रभु ये कैसी लीला है? **(क्रमशः)**

# सुपर कृषक बनने का मार्ग है सुपर फूड की खेती

**यह रागी हुई अभागी क्यों?**
**चावल की किस्मत जागी क्यों?**
**जो ज्वार जमी जन-मानस में,**
**गेहूँ के डर से यह भागी क्यों...**

***देश*** राष्ट्रीय किसान दिवस मनाता इसके ठीक एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने संसद में मोटे अनाज से बने व्यंजनों का भोजन कार्यक्रम आयोजित करके किसान दिवस के महत्त्व को बढ़ा दिया था। ऐसा करके केंद्र सरकार ने आने वाले वर्ष में मोटे अनाज के उत्पादन, मार्केटिंग व उपभोग के प्रति अपनी मंशा प्रकट कर दी है।

पिछले कुछ दशकों में गेंहू, चावल की कृषि ने मोटे अनाजों यथा मक्का, बाजरा, ज्वार, कोदो, कुटकी, रागी आदि को हमारी कृषि और थाली से लगभग बाहर कर दिया है। कृषकों और उपभोक्ताओं की मोटे अनाज (मीलेट्स) को भूलने की प्रवृत्ति ने हमारे देश के कृषकों की आय नागरिकों के स्वास्थ्य इंडेक्स दोनों को ही दुष्प्रभावित किया है। किंतु अब मिलेट्स के दिन फिर बहुरने लगे हैं। इनकी मांग पिछले एक साल के दौरान ही 129 प्रतिशत बढ़ चुकी है। खपत बढ़ने से किसानों ने खेती का रकबा भी 116 प्रतिशत बढ़ाया है। भारतीय कृषक मिलेट्स की कृषि में तकनीकी व प्राकृतिक उपायों के प्रयोग से प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाने में सफल हुए हैं। विगत पांच वर्षों में मोटे अनाज का बाजार पांच गुना हो चुका है। मोटे अनाज अपने स्वाद, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ सातः कैल्शियम आयरन, फास्फोरस, मैग्नीशियम, जस्ता, पोटेशियम, विटामिन बी-6 और विटामिन बी-3 के प्रबल वाहक भी होते हैं। इन दिनों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान जैसे जनजातीय बहुल प्रदेशों में तो जनजातीय बंधुओं द्वारा प्राकृतिक कृषि से उपजाएं जाने वाले मोटे देशज अनाजों की मांग महानगरों से व विदेशों से भी आने लगी है। जनजातीय क्षेत्रों में उगने वाले ये कोदो, कुटकी आदि अनाज कई बीमारियों के निदान का प्रतीक बन गए हैं। ये जनजातीय मिलेट्स महानगरों और विदेशों में सैकड़ों रुपए किलो तक हाथोहाथ लिए जाते हैं। जहाँ देश के बड़े वर्ग ने अपनी थाली में स्वास्थ्य कारणों से मोटे अनाजों को स्थान देना प्रारंभ किया है वहीं विभिन्न प्रकार के उद्योगों में, बायोडीजल हेतु व एथेनाल हेतु भी मोटे अनाजों की खपत बड़ी मात्रा में होने लगी है। खपत बढ? के कारण मोटे अनाज के बाजार भाव भी आकर्षक व लाभकारी मिलने लगे हैं। एक गाय के गोबर से 30 एकड़ भूमि पर मोटे अनाज की प्राकृतिक खेती हो जाती है। देशज गाय के एक ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ तक उर्वरा शक्ति बढ़ाने वाले व मिट्टी की जल संधारण बढ़ाने वाले बेक्टीरिया होते हैं।

आज भारत विश्व मिलेट (मोटे अनाज) के उत्पादन में विश्व भर में सर्वाधिक अग्रणी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, झारखण्ड, तमिलनाडु, और तेलगांना आदि प्रमुख मोटे अनाज उत्पादक राज्य हैं। आसाम और बिहार में सबसे ज्यादा मोटे अनाजों की खपत होती है। देश में पैदा की जाने वाली मुख्य मिलेट फसलों में ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी का स्थान आता है। जनजातीय समाज के बंधू कोदों, कुटकी, सावां आदि की खेती की कृषि परंपरागत रूप से प्राकृतिक रीति नीति से सैकड़ों वर्षों से करते चले आ रहे हैं। जनजातीय बंधुओं द्वारा उत्पादित ये मोटे अनाज बड़े ही स्वास्थ्य वर्द्धक व आयुष वर्द्धक होते हैं। इन मोटे अनाजों की फसल का एक विशेष गुण होता है कि इनकी कृषि जलवायु परिवर्तन के दृष्टिकोण से भी बड़ी जीवट होती हैं। सूखा, अधिक तापमान, कम पानी की भूमि, कम उपजाऊ जमीन आदि आदि की परिस्थिति में भी इनका अच्छा उत्पादन किया जा सकता है। मोटे अनाज की कृषि को गरीब किसान की कृषि इसलिए ही कहा जाता रहा है। मोटे अनाजों की इस जिजीविषा पूर्ण कृषि, उत्पादन अनुपात, लागत अनुपात, पौष्टिकता, बहु उपयोगिता और पर्यावरण मित्र स्वभाव के कारण इन फसलों को सुपर फूड कहा जाने लगा है। निस्संदेह यह कहा जा सकता है कि पारंपरिक भारतीय अनाजों में स्वास्थ्य का खजाना छुपा है।

**भारतीय कृषक मिलेट्स की कृषि में तकनीकी व प्राकृतिक उपायों के प्रयोग से प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाने में सफल हुए हैं। मोटे अनाज अपने स्वाद, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ सातः कैल्शियम आयरन, फास्फोरस, मैग्नीशियम, जस्ता, पोटेशियम, विटामिन बी-6 और विटामिन बी-3 के प्रबल वाहक भी होते हैं...**

खेती-बाड़ी



प्रवीण गुगनानी

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# शुद्धता के पैरोकार नहीं जानते कि भाषायें कैसे समृद्ध होती हैं

**इडली** और समोसा देश के कोने-कोने में लोकप्रिय हैं। क्या आपको पता है कि ये विदेशियों की देन हैं? समोसा हमारे यहां मध्य एशिया से आया और इडली इंडोनेशिया से। ऐसे उदाहरण कई हैं; भारत में आलू और मिर्च आए दक्षिण अमेरिका से, चाय और लीची चीन से। सामान्य भारतीयों ने इन 'विदेशी' व्यंजनों को सहर्ष अपनाया। क्या आप इनके बिना भारतीय भोजन की कल्पना कर सकते हैं? अब भोजन से परे, भाषा की बात करते हैं। भारत जैसे देश में जहां सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं, भाषा बेहद भावनात्मक विषय है। पिछले सौ-दो सौ सालों में भारत में भाषा को लेकर कई आंदोलन हुए हैं। अधिकांश आंदोलनों की यह मांग रही है कि कोई, विशेषकर केंद्र सरकार, हम पर भाषा ना थोपे। भाषाई साम्राज्यवाद का डर हर भाषा समूह को सताता है। अंग्रेजों ने हम पर शासन तो किया ही, हमारी संपत्ति भी लूट कर ले गये। यहां तक कि 'लूट' शब्द भी अपनी भाषा में समाहित कर लिया। इसके अलावा भी बहुत से शब्द अपनाए। चंपी से आया शैंपू, बंगला बन गया बंगलो और बरामदा से आया वेरांडाह। बिरयानी जरूर बिरयानी ही रही, जंगल भी जंगल ही रहा। लेकिन खाट बन गया काट और जगन्नाथ बना जग्गरनॉट। ऑक्सफर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में सैकड़ों भारतीय मूल के शब्द हैं और हर वर्ष दर्जनों इसमें शामिल होते हैं। अंग्रेजी भाषा तो कभी संकट में आई नहीं, वह तो और भी समृद्ध हो रही है। हर साल पूरी दुनिया में करोड़ों लोग अंग्रेजी सीखने के लिए मेहनत करते हैं। हिंदी ने भी अंग्रेजी के भरपूर शब्द अपनाए हैं। हम में से अधिकांश लोग पेन से लिखते हैं, कलम से नहीं। ट्रेन से चलते हैं। कप से चाय पीते हैं। सुबह टूथपेस्ट से ब्रश कर हम ऑफिस जाते हैं। साथ में खाने के लिए सैंडविच ले जाते हैं अपने टिफिन बॉक्स में। बॉस कभी-कभी हमें अपने साथ कॉफी या जूस पिलाता है और ज्यादा खुश हुआ तो अपनी कार में बैठा कर सिनेमा ले जाता है। आपको इस दिनचर्या के विवरण में कुछ अटपटा तो नहीं लगा न? आम दिनचर्या है। पर जरा ध्यान से दोबारा पढ़ें। इन वाक्यों में कई शब्द अंग्रेजी के हैं। लगभग सारी महत्वपूर्ण संज्ञाएं। अटपटा इसलिए नहीं लगता कि हम लोगों ने, जो औसत हिंदीभाषी हैं, इन शब्दों को सहर्ष अपना लिया है। सिर्फ अंग्रेजी से ही नहीं, भारत की अन्य भाषाओं से भी हिंदी में शब्द आए हैं। 'वांग्मय', 'प्रगति', 'दलित' शब्द मराठी से आए। बांग्ला से 'गल्प', 'संभ्रांत', 'आपत्ति' और 'अभिभावक'। द्रविड़ भाषाओं से भी कई शब्द आए। तमिल में सब्जी को कारी कहते हैं, और पुराने कन्नड़ में करी। इसी से हमारी तरकारी आई। इलाइची, शिकाकाई, काला, मोर शब्द भी दक्षिण से ही आए हैं हिंदी में। एक विद्वान हुए थे, आचार्य रघुवीर। भाषाविद, भारतीय संविधान सभा के सदस्य और कोशकार। उन्होनें डेढ़ लाख, जी हां डेढ़ लाख शब्दों का वैज्ञानिक और अन्य तकनीकी शब्दों का ईजाद किया। इसे ईजाद ही कहेंगे। उनका मानना था कि संस्कृत से हर चीज के लिए शब्द बन सकते हैं, पर उन्हें आंशिक सफलता ही मिली। सरकारी तंत्र ने तो उनके शब्द अपना लिए, पर आम हिंदीभाषी जनता ने इन्हें पूरी तरह नकार दिया। आचार्य ने सीमेंट को नाम दिया था वज्रचूर्ण, ब्रश को कूर्च, ट्रेन को संयान और सिगरेट को धूम्रवर्तिका। अब समझ गये न कि लोगों ने इन शब्दों को क्यों नकारा! पर शायद इन्हीं महानुभाव के कारण मुझे क्क॥ से धातुकीय अभियांत्रिकी की डिग्री मिली। मैकेनिकल वालों को यांत्रिकी अभियांत्रिकी की डिग्री मिली। प्रख्यात विद्वान भगवान सिंह लिखते हैं, 'कई बार कवियों और विद्वानों को यह भ्रम रहता है कि वे नये शब्द गढ़ सकते हैं। अच्छा कवि या रचनाकार शब्द नहीं गढ़ता, वह उपलब्ध शब्दों के अर्थ और संयोजन से खेलता हुआ एक नया चमत्कार करता है। जब भी विद्वानों को शब्द गढ़ने का काम सौंपा गया, उन्होंने ऐसी शब्दावली गढ़ी कि उनके प्रचलन के बाद भाषा का सत्यानाश हो गया। तो शब्द आखिर गढ़ता कौन है? भगवान सिंह के अनुसार, 'किसी भाषा-भाषी समाज की पूंजी उसकी शब्दसंपदा के भीतर समाहित होती है। परंतु ज्ञान का विस्तार नई वस्तु, तकनीक, खोज और आविष्कार से जुड़ा होता है।

**ऑक्सफर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में सैकड़ों भारतीय मूल के शब्द हैं और हर वर्ष दर्जनों इसमें शामिल होते हैं। अंग्रेजी भाषा तो कभी संकट में आई नहीं, वह तो और भी समृद्ध हो रही है। हर साल पूरी दुनिया में करोड़ों लोग अंग्रेजी सीखने के लिए मेहनत करते हैं। हिंदी ने भी अंग्रेजी के भरपूर शब्द अपनाए हैं। हम में से अधिकांश लोग पेन से लिखते हैं, कलम से नहीं...**

दुनिया-समाज



संतोष ओझा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### दो मेडिकल स्टोर से डेढ़ लाख रु की नकली दवाएं जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने झारसुगुड़ा और बरगढ़ से डेढ़ लाख रुपये से अधिक कीमत की दवाईयां जब्त की है। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि एक लाख 70 हजार रुपये की दवाएं मेसर्स अमित मेडिकल एजेंसियों, झारसुगुड़ा और मेसर्स विकास एंड कंपनी, बरगढ़ से जब्त की गई हैं। इन दवाओं के निमार्ताओं ने पुष्टि की कि दवाएं उनके द्वारा निर्मित नहीं की गयी है। यह भी पुष्टि की गयी है कि दवाओं की आपूर्ति वाराणसी, उत्तर प्रदेश की तीन फर्मों से की गई थी।

### मध्यप्रदेश में कोरोना के चार सक्रिय मामले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण का एक भी नया मामला सामने नहीं आया है और सक्रिय मामलों की संख्या चार पर स्थिर है। गृह मंत्री एवं राज्य सरकार के प्रवक्ता डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में 24 घंटों में कोरोना का एक भी नया मामला नहीं आया। कोरोना संक्रमण दर शून्य है और रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत है। वर्तमान में एक्टिव केस (सक्रिय मामले) 04 हैं।

### कोडरमा-गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बहाल

**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के धनबाद मंडल के कोडरमा-गया रेलखंड के बीच टनकुप्पा स्टेशन पर आज तड़के मालगाड़ी के तीन डिब्बों के पटरी से उतर जाने के कारण अप लाइन पर बाधित ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया है। ईसीआर के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि धनबाद मंडल के कोडरमा-गया रेलखंड के बीच टनकुप्पा स्टेशन पर मालगाड़ी के तीन डिब्बों के अवपथन के कारण बाधित रेलमार्ग को 15.10 बजे परिचालन के लिए फिट करने के बाद इस रेलखंड पर परिचालन सामान्य हो गया है।

### बंगाल में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, 15 घायल

**मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि घटना आज सुबह उस वक्त हुई, जब भुवनेश्वर के एम्स अस्पताल से एक एंबुलेंस एक मरीज को ले जा रही थी उसी दौरान, एंबुलेस बंगाल-ओडिशा सीमा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-60 पर माल से लदे एक ट्रक से टकरा गयी, जिसमें मरीज की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रायपुर-शुक्रवार को साल की अंतिम कैबिनेट की बैठक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 30 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। यह इस साल की अंतिम कैबिनेट होगी।बैठक में आरक्षण संशोधन विधेयक पर राजभवन के रुख और विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर चर्चा होगी। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी निर्णय लिए जाएंगे। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 2 जनवरी से आहूत है। सत्र के दौरान उपाध्यक्ष चयन को लेकर कैबिनेट में चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजनाका प्रस्ताव लाया सकता है । इस योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देकर काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना तथा आय व रोजगार के अवसर को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री निवास पर होने वाली इस बैठक में धान खरीद, उठाव और कस्टम मिलिंग की समीक्षा होगी। साथ की आरक्षण विधेयक को राजभवन में रोके जाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

### निर्धन सामान्य वर्ग ने किया मुख्यमंत्री चौहान का अभिनंदन

# राष्ट्र विकास में प्रत्येक वर्ग का योगदान

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्र विकास में प्रत्येक वर्ग का योगदान है। श्री चौहान का मंगलवार ईडब्ल्यूएस आरक्षण संघ मध्यप्रदेश ने मुख्यमंत्री निवास पहुँच कर अभिनंदन किया। सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया और विधायक मंदसौर यशपाल सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में मध्यप्रदेश के निर्धन सामान्य वर्ग को सभी भर्तियों में 10 प्रतिशत आरक्षण और न्यूनतम उत्तीर्ण अंक में छूट दिए जाने के निर्णय के लिए अभिनंदन किया गया। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए निर्धन सामान्य वर्ग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने अभिनंदन के उत्तर में कहा कि सभी वर्गों को न्याय उनकी सोच है। न्याय से कोई वंचित नहीं होना चाहिए। राष्ट्र के विकास में सामान्य वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान है। हम सब भारत माँ की संतान हैं। किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर वर्ग को उसका अधिकार मिलना चाहिए। मैं भी इसका पक्षधर हूँ। मेरे संज्ञान में जैसे ही यह मामला आया तो इसका फैसला लेने में देर नहीं की। अन्य क्षेत्रों में भी विसंगति है तो ध्यान दिलाए जाने पर परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के 5 राज्यों में ही यह व्यवस्था लागू है, जिसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। इस निर्णय से मध्यप्रदेश के निर्धन सामान्य वर्ग के युवाओं को विभिन्न सेवाओं में आने के अवसर बढ़े हैं।



### सभी वर्ग का कल्याण राज्य शासन की प्राथमिकता : चौहान

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि समाज के सभी वर्ग का कल्याण राज्य शासन की प्राथमिकता है। किसी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सभी वर्गों का विकास और सम्मान राज्य सरकार का ध्येय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंगलवार मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में राजपूत समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज का विकास और राष्ट्र सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है। समाज द्वारा दिए गए सुझाव-पत्र का अध्ययन कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे और समस्याओं को हल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राजपूत करणी सेना के प्रतिनिधि भी यहाँ उपस्थित हैं। माँ पदमावती के नाम पर स्मारक निर्माण की कार्यवाही को पूर्ण किया जाएगा। शीघ्र ही राजपूत समाज के साथ चर्चा के लिए पृथक बैठक अथवा सम्मेलन बुला कर प्राप्त सुझावों पर कदम उठाए जाएंगे। सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने भी अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया।

### विक्रमोत्सव की तैयारियों को तय समय पर पूरा किया जाये : शिवराज

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उज्जैन में विक्रमोत्सव 2023 के लिए प्रारंभ तैयारियों को तय समय पर पूरा किया जाए। श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में विक्रमोत्सव की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद उज्जैन आने वाले राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इस नाते विक्रमोत्सव में की जाने वाली गतिविधियों को जनाकर्षण का केन्द्र बनाया जाए। उल्लेखनीय है 18 फरवरी से 22 मार्च 2023 की अवधि में उज्जैन में विक्रमोत्सव होना है। श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2022 में उज्जैन में शिव दीपावली पर लाखों दीपक अर्पित किए गए, उज्जैन के नागरिकों की भागीदारी सराहनीय रही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के विक्रमोत्सव के प्रथम दिवस दीप अर्पित करने का कार्यक्रम वृहद और गरिमामय होना चाहिए। के लिए प्रयास किए जाएँ, जिससे कार्यक्रम गिनीज बुक वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित थे। संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर वर्चुअली सम्मिलित हुई। अपर मुख्य सचिव शैलेन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनसंपर्क राघवेन्द्र कुमार सिंह, पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक एस. विश्वनाथन, संस्कृति संचालक अदिति कुमार त्रिपाठी, संचालक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीराम तिवारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सामाजिक आकांक्षाओं के लिए उच्च शिक्षा महत्वपूर्ण : नवीन

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को कहा कि सामाजिक आकांक्षाओं, विकासात्मक प्राथमिकताओं और सामाजिक मूल्यों के लिए उच्च शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका नियमित रूप से मूल्यांकन, पोषण और सुधार होना चाहिए।

यहां बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (बीपीयूटी) में आयोजित नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में रूपांतरण' विषय पर आयोजित अकादमिक सत्र में श्री पटनायक ने कहा, प्रौद्योगिकी हमारे जीवन और समाज के सभी हिस्से पर हावी हो चुकी है, इसलिए, हमें 21वीं सदी की बदलती आवश्यकाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी तकनीकी शिक्षा को नयी आकृति देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सभ्यता का भविष्य पूर्ण रूप से हमारी शिक्षा की गुणवत्ता और उसकी दिशा पर निर्भर करता है। हमारा भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने बच्चों को भविष्य के लिए कितना ज्यादा तैयार रखते हैं। इस आयोजन के लिए बीपीयूटी की सराहना करते हुए श्री



पटनायक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रासंगिकता लाने और शिक्षा के सभी स्तरों पर दशा और दिशा निर्धारित करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन द्वारा तैयार की गई नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य हमारी शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना है और इस सत्र के माध्यम से नई शिक्षा नीति पर शिक्षा जगत के लोगों बीच जागरूकता उत्पन्न करने और इसके कार्यान्वयन की चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने में सहायता मिलेगी।

श्री पटनायक ने आशा व्यक्त किया कि यह विचार-विमर्श सार्थक होगा और नयी शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए स्पष्ट प्रस्तावों और सुझावों को सामने लेकर आएगा। राज्य सरकार हमारी तकनीकी शिक्षा का रूपांतरण करने की कोशिशों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है।

# तूल पकड़ता जा रहा है पेपर लीक का मामला

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार में कर्मचारी चयन आयोग(बीएसएससी) पेपर लीक का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्ष के दबाव बाद सरकार ने पहली पाली की परीक्षा को रद्द कर दिया है। इसी बीच भाजपा ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा दिया है। हालांकि भाजपा का कहना है कि जब दोनों पाली का प्रश्नपत्र लीक हुआ है तो सिर्फ एक पाली की ही परीक्षा क्यों रद्द की गई है? जबकि दोनों पाली की परीक्षा रद्द होनी चाहिए थी। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार राज्य के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का हनन करना बंद करे और बीएसएससी और बीपीएससी पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराए। उन्होंने सरकार पर जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिहार में नियुक्ति की घोषणा होते ही डाक बोला जाता है और लोगों से वसूली की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। बीपीएससी और बीएसएससी के अंदर हस्तिनापुर के ऐसे गुलाम लंबे समय से बैठे हुए हैं, जिनपर कई बार आरोप लग चुके हैं। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार के भीतर अगर थोड़ी सी भी ईमानदारी बची हुई है तो पूरे मामले की सीबीआई या हाई कोर्ट के सीटिंग जज से जांच कराएं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार आज जिन भ्रष्टाचारियों की गोद में बैठे हैं, उन्होंने लंबे समय तक बिहार की प्रतिभा को कुचलने का काम किया है। बिहार को जंगलराज की आग में झोंका और अब गंजलराज को गुंडाराज में बदल दिया है। नीतीश कुमार ऐसे लोगों के साथ गलबहियां कर बिहार को अपमानित करने का काम कर रहे हैं।

# कन्नौज में सड़क हादसा, तीन लोगों की हुई मौत

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के तालग्राम क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के चलते एक कार के कंटेनर से टकराने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार और मंगलवार की रात यह हादसा उस समय हुआ जब घने कोहरे के कारण दिल्ली से लखनऊ की ओर जा रही एक कार एक्सप्रेस वे पर आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गयी। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि मृतकों की पहचान मेरठ के लावड़ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुधीर सिंह, लिपिक असलम और ड्राइवर तनुज ठाकुर के तौर पर की गयी है। सुधीर सिंह हापुड़ और लिपिक असलम मेरठ के मवाना के रहने वाले थे।

# नीतीश मंत्रिमंडल ने जेट-हेलिकॉप्टर खरीद सहित सात प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुए मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार में एक हेलिकॉप्टर एवं जेट इंजन विमान की खरीदारी के लिए उच्च स्तरीय विशेष क्रय समिति के गठन समेत कुल सात प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बिहार में वर्तमान में एक विमान और एक डॉल्फिन हेलिकॉप्टर उपलब्ध है, जिसे उड़ान योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बिहार में सुदूर इलाके में अवस्थित रनवे की लंबाई कम होने की वजह से एक हलिकॉप्टर की आवश्यकता है। राज्य से बाहर लंबी दूरी की यात्रा के लिए सी-90 विमान की सीटिंग कैपेसिटी कम होने एवं यात्रा में अधिक समय लगने के कारण जेट विमान (10 प्लस 2) सीटर की सेवा बाहरी स्त्रोत से ली जाती है।



राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य, विधि व्यवस्था, आपदा एवं आकस्मिकता कार्यों के साथ विशिष्ट व्यक्तियों को उड़ान कार्य के लिए सिविल विमानन निदेशालय को वर्ष 2022-23 में एक नया हेलिकॉप्टर एवं एक जेट इंजन विमान क्रय के लिए कमेटी गठन किये जाने की स्वीकृति दी गई है। मेसर्स जयदयाल हाईटेक्स प्राइवेट लिमिटेड चिपली दुर्गावती को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली के आलोक में वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस दिया गया है।नालंदा में भी एक इंडस्ट्री लगाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस दिया गया है। मुजफ्फरपुर में भारत ऊर्जा डिस्टलरीज लिमिटेड को वित्तीय क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई है।

शिक्षा विभाग में 1674 लिपिक के पद में 670 पदों को समपरिवर्तित करते हुए शेष उच्च वर्गीय लिपिक के लिए 462 पद, प्रधान लिपिक के लिए 161 पद एवं कार्यालय अधीक्षक के लिए 45 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट द्वारा शिक्षा विभाग के प्रस्ताव में कहा गया है कि क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत लिपिकों के संवर्ग संरचना के अनुरूप पूर्व में स्वीकृत पदों में से 670 पदों को परिवर्तित किया जा रहा है। इसमें उच्च वर्गीय लिपिक, प्रधान लिपिक एवं कार्यालय अधीक्षक का पद चिन्हित किया गया है। अब शिक्षा विभाग के कार्यालय में कार्यरत लिपिकों को प्रमोशन के अवसर मिलेंगे।

# भगवान राम को बहस का हिस्सा नहीं बनाए : सलमान खुर्शीद

**मेरठ।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि भारत गंगा-जमुनी विचारधारा को मानने वाला देश है। देश नागपुर के इशारे पर नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम को बहस का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद मेरठ पहुंचे। जिमखाना मैदान स्थित अपार चैंबर में पत्रकार वार्ता में सलमान खुर्शीद ने कहा कि राम भारत की सभ्यता में है। हिन्दू धर्म एक व्यापक धर्म है। भगवान राम इमाम-ए-हिन्द है और वे सबके हैं। भाजपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम को बहस का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। भाजपा बहस करके राम को विवादित ना करें। नागपुर से पूछकर राहुल गांधी की तारीफ नहीं करूंगा।

# बीएसएससी की तीनों पालियों की परीक्षा हो रद्द : माले

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन सरकार की सहयोगी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) ने बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी) की प्रतियोगिता परीक्षा का प्रश्न-पत्र लीक होने के मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से तीन पालियों की परीक्षा को रद्द करने की मांग की है। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने मंगलवार को बीएसएससी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक



मामले में गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि बिहार में प्रश्न पत्र लीक एक पैटर्न ही बनता जा रहा है। शायद ही कोई परीक्षा हो जिसमें इस तरह के मामले सामने नहीं आते हों। यह बिहार के छात्र-युवाओं के भविष्य के साथ घोर मजाक है। उन्होंने कहा, हम बीएसएससी परीक्षार्थियों की मांग का समर्थन करते हुए तीनों पालियों की परीक्षा रद्द करने और नए तरीके से पारदर्शी परीक्षा लेने की मांग करते हैं।

श्री कुणाल ने कहा कि परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक के अलावा धांधली, अपारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार आम बात हो गई है। कभी प्रश्न पत्र लीक होता है, कभी परीक्षा के बीच नियमावली बदल दी जाती है तो कभी न्यायालय में मामला उलझा दिया जाता है। इस तरह हर बहाली में बेमतलब का सालों का समय लगता है। बार-बार प्रयासों के बावजूद सातवें चरण की शिक्षक बहाली की प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। यह समझ से परे है कि सरकार को शिक्षक बहाली की प्रक्रिया शुरू करने में क्या दिक्कत है। भाकपा-माले के राज्य सचिव ने कहा कि छात्र-युवा समुदाय रोजगार के लिए दिन-रात जीतोड़ मेहनत करते हैं लेकिन सरकार के इस रवैये के कारण उनके अंदर क्षोभ पनप रहा है।

### ओबीसी आरक्षण के बाद ही होंगे निकाय चुनाव

# जरुरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आए फैसले के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि



प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित करेगी। ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण की सुविधा दी जाएगी। इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

उल्लेखनीय है कि लखऊ हाईकोर्ट ने सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। पिछड़ों को बिना आरक्षण दिए ही चुनाव सम्पन्न कराने को कहा है।

### कोविड-19 कोरोना पर जिला प्रशासन सख्त, होटल संचालकों के साथ डीएम ने की बैठक

# कोरोना गाइडलाइन का पालन करें

**एजेंसी। गया**

बोधगया में 11 विदेशी पर्यटक के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिला पदाधिकारी ने बोधगया के सभी होटलों को कोरोना गाइड लाइन का पालन सख्त रूप से करने का आदेश दिया है। जिला पदाधिकारी ने बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में बोधगया अवस्थित विभिन्न होटल संचालकों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि आपके होटल में देश विदेश से आने वाले टूरिस्ट को ध्यान में रखते हुए कोरोना से बचाव हेतु पूरी प्रिकॉशन का पालन कराएं ।

कोरोना से बचाव हेतु जो भी गाइडलाइंस है, उसे पूरी गंभीरता से पालन करवाएं । उन्होंने सभी होटल के संचालक को कहा कि होटल के कमरे, बरामदा एवं होटल



के पब्लिक प्लेस को लगातार सेनेटाइज करवाते रहे। सभी होटल में अपने स्तर से एडवाइजरी भी जारी करे, ताकि आपके होटल में आने वाले टूरिस्ट उसे पालन कर सके। उन्होंने सभी होटल संचालक को कहा कि अपने होटल के कम से कम 10 कमरा को अलग सेपरेट रखे, ताकि यदि को कोरोना का मामला आता है, तो उन्हें वहां आइसोलेट किया सके। होटल के चिन्हित एरिया में एंट्री एग्जिट सेपरेट रखे, ताकि कोई भी टूरिस्ट उस क्षेत्र में ना जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी होटल यह कोसिस करे कि टॉप फ्लोर के रूम चिन्हित हो। इसके साथ ही उन्होंने सभी होटल मालिक को कहा कि आपके होटल में कितने कमरे हैं, का लिखित रिपोर्ट उपलब्ध करावे। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया कि अभी बोधगया में टूरिस्ट सीजन है। काफी अधिक संख्या में विदेशों से पर्यटक बोधगया आ रहे हैं। इसे देखते हुए बोधगया के तमाम होटल के बाहरी परिसर, सभी मोनेस्ट्री एवं भीड़ भाड़ वाली जगह में गुणवत्तापूर्ण अभियान स्तर पर सैनिटाइज करवाएं। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि छोटी छोटी गलियों में हैंड मशीन के माध्यम से भी सैनिटाइज करवाएं।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष तथा अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पूरे जिले में अपने स्तर से मास्क चेकिंग अभियान चलावे। उन्होंने बोधगया को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न चौक चौराहों पर ट्रैफिक के सिपाही भी मास्क चेकिंग अभियान पर जोर दें। जो भी व्यक्ति बिना मास्क के मिलते हैं उन्हें निर्देश दे कि मास्क जरूर पहने।उन्होंने कहा कि ई रिक्शा, टेंपो, रिक्शा के ड्राइवर को मास्क पहनकर गाड़ी चलाने हेतु प्रेरित करें तथा ड्राइवर को यह भी निर्देशित करें कि अपने वाहन में बैठाने वाले यात्रियों को मास्क पहनाकर ही अपने वाहन में बैठाए।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज से रोको ठोको अभियान चलाते हुए लोगों को मास्क प्रयोग हेतु जागरूक करें। लोग जितना अधिक मास्क का प्रयोग करेंगे, उतना ही ज्यादा संक्रमण को रोकने में काबू पाया जाएगा। जिला पदाधिकारी में सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन तथा एयरपोर्ट पर कोविड जांच का दायरा को और बढ़ाएं। एयरपोर्ट पर अच्छे पदाधिकारी कर्मी की प्रतिनियुक्ति रखे, ताकि डाटा को संधारित गुणवत्तापूर्ण कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन पर दूसरे राज्य से आने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखते हुए सैंपल जांच करावे।

### बिहार का जमीन विवाद फायरिंग मामला

# जदयू विधायक का फरार पुत्र गिरफ्तार

**एजेंसी। भागलपुर**

बिहार में भागलपुर जिले के जीरोमाइल थाना क्षेत्र में पिछले दिनों भूमि विवाद में हुई गोलीबारी के मामले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के गोपालपुर से विधायक गोपाल मंडल के फरार पुत्र आशीष मंडल को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मंगलवार को यहां बताया कि जीरोमाइल थाना क्षेत्र में विगत 12 दिसंबर को एक भू-खंड पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान गोलीबारी एवं मारपीट की घटना में नामजद अभियुक्त बनाए गए जिले के गोपालपुर क्षेत्र जदयू विधायक गोपाल मंडल के पुत्र आशीष मंडल लंबे समय से फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा गठित विशेष जांच टीम ने मंगलवार को जीरोमाइल क्षेत्र से



विधायक पुत्र आशीष मंडल को दबोच लिया जबकि अन्य दो की गिरफ्तारी के लिए टीम की छापेमारी चल रही है।

श्री प्रभात ने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी थी और अन्य तीन घायल हो गए थे। सभी घायलों को भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में पीड़ित पक्ष ने विधायक पुत्र आशीष मंडल सहित चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में उन अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय से वारंट लिया था।

**NEWS इन ब्रीफ**

### कार्लसन से ड्रॉ खेल अर्जुन सयुंक्त बढ़त पर

**अल्माटी/कजाकिस्तान।** विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी ने पहले दिन कमाल का प्रदर्शन किया है। पांच राउंड के बाद चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन और नीदरलैंड के वान फॉरेस्ट जॉर्डन और फीडे के ब्लादिमीर फेडोसीव के साथ सयुंक्त बढ़त बना ली है।

### तीसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं स्टार्क

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एमसीजी ग्राउंड पर दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन के दौरान कैच लेने के प्रयास में स्टार्क ने अपने बाएं हाथ की मध्यम उंगली को चोटिल का दिया, जिसका उपयोग वह गेंदबाजी के लिए करते हैं। स्टार्क इलाज के लिए मैदान से बाहर चले गए थे।

### करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे प्रणय

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय मंगलवार को जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। केरल का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी इस साल शानदार फॉर्म में रहा। उन्होंने इससे पहले 2018 में भी आठवीं रैंकिंग हासिल की थी लेकिन इसके बाद वह 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे। प्रणय ने इस साल यादगार प्रदर्शन किया है।

### अर्जेंटीना के मुख्य कोच बने रहेंगे स्कालोनी

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के फुटबाल प्रमुख क्लाउडियो तापिया ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि एल्बिकेलस्टे की विश्व कप जीत के बाद लियोनेल स्कालोनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद पर बने रहेंगे। स्कालोनी का अनुबंध 31 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है, लेकिन अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन 44 वर्षीय स्कालोनी के साथ अगले चार साल के लिए नया अनुबंध करना चाहता है। तापिया ने पत्रकारों से कहा कि मुझे कोई संदेह नहीं है कि वह अर्जेंटीना टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे।

### कैमरामैन की गलती के कारण चलते मैच में नोर्त्जे चोटिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे कैमरा मैन की गलती के कारण मैदान पर गिर पड़े। मैच के दौरान इस्तेमाल किया जा रहा स्पाइडर-कैम नोर्त्जे के लगा और वह जमीन पर गिर पड़े। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नोर्त्जे अपने क्षेत्ररक्षण वाली जगह की और बढ़ रहे थे। इसी दौरान स्पाइडर-कैम उनके लगा और वह जमीन पर गिर गए।

# वॉर्नर ने 100वें टेस्ट में ठोका दोहरा शतक, दिग्गजों की लिस्ट में हुए शामिल



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट क्रिकेट में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। वह टेस्ट में आठ हजार रन पूरे करनेवाले अपने देश के आठवें खिलाड़ी बन गए हैं। प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के दूसरे टेस्ट के दौरान इस स्टार बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की जो उनका 100वां टेस्ट मैच भी है। हालांकि, वह शतक पर ही नहीं रूके और उन्होंने इसे दोहरे शतक में बदला। वार्नर ने अपना 25वां टेस्ट शतक जड़ते हुए लगभग तीन साल तक चला टेस्ट शतक का सूखा समाप्त किया। इससे पहले उन्होंने अपना पिछला शतक क्रिकेट से सबसे लंबे प्रारूप में तीन जनवरी 2020 को न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था। स्टाइलिश दक्षिण पूर्वी के पास वर्तमान में 100 टेस्ट की 183 पारियों में 46.21 की औसत से 8122 रन हैं। उनके नाम लंबे प्रारूप में 25 शतक हैं और उन्होंने 34 अर्धशतक भी बनाये हैं। खेल के इस प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 335* है। वार्नर ने 77वें ओवर की आखिरी गेंद पर लुंगी एनगिडी को चौका लगाकर दोहरा शतक पूरा किया। टेस्ट क्रिकेट में यह वार्नर का तीसरा दोहरा शतक था। दोहरा शतक लगाने के बाद वह रिटायर्ड हर्ट हो गये और 254 गेंदों पर 16 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 200 रन बनाये। विशेष रूप से वह टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सातवें सबसे ज्यादा रन बनानेवाले खिलाड़ी भी हैं। दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाए हैं।

**टेस्ट में सर्वाधिक दोहरे शतक लगानेवाले सक्रिय खिलाड़ी**

- विराट कोहली : 7 (104 मैच)
- जो रूट : 5 (127 मैच)
- केन विलियमसन : 4 (89 मैच)
- स्टीव स्मिथ : 4 (91 मैच)
- मुशफिकुर रहीम : 3 (84 मैच)
- चेतेश्वर पुजारा : 3 (98 मैच)
- डेविड वॉर्नर : 3* (100 मैच)

----

----

**ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनानेवाले खिलाड़ी**

- रिकी पोंटिंग : 13,378 रन
- एलन बॉर्डर : 11,174 रन
- स्टीव वॉ : 10,927 रन
- माइकल क्लार्क : 8,643 रन
- मैथ्यू हेडन : 8,625 रन
- स्टीव स्मिथ : 8,503 रन
- डेविड वार्नर : 8122 रन

# 2022 में भी भारतीय वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू का रहा दबदबा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

मीराबाई चानू ने विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक जीतकर वर्ष 2022 में भारतीय भारोत्तोलन में अपना दबदबा बरकरार रखा जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी चमक बिखेरी। मणिपुर की रहनेवाली मीराबाई ने राष्ट्रमंडल खेलों में 49 किग्रा. में पहला स्थान हासिल करके भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। यहां राष्ट्रमंडल खेलों में उनका तीसरा पदक और लगातार दूसरा स्वर्ण पदक था। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर साल का शानदार अंत किया। इससे पहले उन्होंने 2017 में इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कुल 200 किग्रा भार उठाया। मीराबाई ने स्नैच में 87 और क्लीन एवं जर्क में 113 किग्रा भार उठाया था। क्लीन एवं जर्क वर्ग में भी उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। स्नैच में हालांकि वह इस वर्ष भी 90 किग्रा वजन नहीं उठा पायी जिसके लिये वह 2020 से ही प्रयास कर रही हैं। भारतीय भारोत्तोलकों ने इस साल जुलाई-अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी चमक बिखेरी तथा कुछ रिकॉर्ड भी बनायें।

जेरेमी लालरिनुंगा ने 300 किग्रा (140 किग्रा और 160 किग्रा) भार उठाकर स्नैच और कुल वजन में राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। अचिंता श्युली ने भी 313 किग्रा (143 किग्रा और 170 किग्रा) के प्रयास से स्नैच और कुल वजन में खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलकों ने कुल 10 पदक जीते जिनमें तीन स्वर्ण, इतने ही रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। मीराबाई (49 किग्रा), जेरेमी (73 किग्रा) और अचिंता (77 किग्रा) ने जहां स्वर्ण पदक जीते, वहीं संकेत सागर (55 किग्रा), विकास ठाकुर (96 किग्रा), एस बिंदरानी (55 किग्रा) ने रजत पदक जबकि पी गुरुराजा (61 किग्रा), लवप्रीत सिंह (109 किग्रा), गुरदीप सिंह (109 किग्रा से अधिक) और हरजिंदर कौर (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। भारत राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता की पदक तालिका में शीर्ष पर रहा था, लेकिन मीराबाई को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी इस लय को आगे बरकरार नहीं रख पाया। इनमें से अधिकतर ने एशियाई और विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लिया। वर्ष 2022 में भारत को हर्षदा गरुड़ के रूप में खेल में अपना पहला जूनियर विश्व चैंपियन मिला।




### गंभीर मसलों से जूझ रहा भारोत्तोलन

**पिछले** कुछ समय से डोपिंग और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मसलों से जूझ रहे भारोत्तोलन को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल नहीं किया गया है। लेकिन अब अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने कुछ कदम उठाए हैं जिससे कि इस खेल को लॉस एंजिल्स खेलों में शामिल करने की संभावना बढ़ गयी है।

# खेलो इंडिया : झारखंड की महिला और पुरुष हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भुनेश्वर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स हॉकी झारखंड पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल में अपने अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। पुरुष टीम ने उत्तर प्रदेश को 5-2 से तथा महिला टीम ने मिजोरम को 5-1 से पराजित किया। 20 से 30 दिसम्बर 2022 तक भुवनेश्वर में आयोजित क्वालीफाई खेलो इंडिया यूथ गेम्स अंडर-18 हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी झारखंड के महिला एवं पुरुष दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल में अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिए। मंगलवार को पुरुष वर्ग के खेले गए मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी उत्तर प्रदेश को 5-2 से पराजित किया। इस मैच में हॉकी झारखंड की ओर से अमर दीप सम्राट कुजूर, अभिषेक तिग्गा, जोसेफ टोपनो, सुमित बरवा और सुखनाथ गुड़िया ने एक-एक गोल किया। वहीं, हॉकी झारखंड महिला टीम ने हॉकी मिजोरम को 5-1 गोल से पराजित की, जिसमें प्रमोदनी लकड़ा ने दो गोल और रजनी केरकेट्टा,संजना होरो तथा निशा मिंज ने एक-एक गोल की।



झारखंड टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव सह झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, मनोज कोनबेगी, चंद्रायानी मजूमदार, माइकल लाल, बिगन सोय, असरिता लकड़ा, सुरजीत झा, संजीव झा, झारखंड खेल प्राधिकरण के देवेंद्र सिंह सहित हॉकी झारखंड एवम खेल विभाग के पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने बधाई दी है।

**महिला टीम :** रश्मि होरो, नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निक्की कुल्लू, प्रमोदनी लकड़ा, बिनिमा धान, बालो होरो, ईडलिन बागे, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, निशा मिंज, अनुप्रिया सोरेन, पिंकी कुमारी, रीना कुल्लू, अंकिता डुंगडुंग, सलोमी कांडुलना, संजना होरो, मोनिका नाग।

**कोच - सुभीला मिंज, मैनेजर- प्रतिमा तिर्की**

**पुरुष वर्ग :** नवीन केरकेट्टा, सुखनाथ गुड़िया, सिमोन बोदरा, दीपक सोरेंग, अभिषेक तिग्गा, घुरन लोहरा, दुगा मुंडा, प्रेम केरकेट्टा, डेबिट धनवार, निरज लकड़ा, अमृत तिर्की, जोसेफ टोपनो, विजय कुमार महतो, अमरदीप स्मार्ट कुजूर, अमित बा, सुमित बरवा, विशाल लकड़ा, अभिसेख गुड़िया। कोच : सागर सिंह ठाकुर, मैनेजर : सुनील कुमार।

# ...तो 2026 के फीफा विश्व कप में भाग ले सकता है रूस



**एजेंसी। मॉस्को**

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) में शामिल होने की सूरत में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) रूस को 2026 विश्व कप क्वालीफायर में भाग लेने से नहीं रोकेगा। रूसी फुटबॉल संघ (आरएफयू) के अध्यक्ष अलेक्सांद्र ड्युकोव ने कहा कि एएफसी में भाग लेने पर अंतिम निर्णय मंगलवार को संघ की कार्यकारी समिति में किया जाएगा। 2026 फीफा विश्व कप अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में आयोजित किया जाएगा। एक रिपोर्ट में कहा गया कि अगर फैसला सकारात्मक रहा तो रूस के पास विश्व कप में भाग लेने के लिए जरूरी सभी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर होगी।

गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद फीफा और यूरोपीय फुटबॉल महासंघ ने रूस को सभी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने से निलंबित कर दिया था जिसके बाद मास्को ने एएफसी में शामिल होने पर विचार करना शुरू कर दिया। इससे पहले दिसंबर में ओलंपिक शिखर सम्मेलन ने सहमति व्यक्त की थी कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को ओलंपिक चार्टर और प्रतिबंधों का सम्मान करने वाले रूस और बेलारूस के एथलीटों को एशियाई टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति देने पर विचार करना चाहिए।

# टेनिस स्टार डिलेटा ने सोशल साइट पर शेयर की तस्वीरें

**टेनिस** जगत की ग्लैमरस प्लेयर डिलेटा लिओटा खेल के अलावा अपने हुस्न के कारण भी चर्चा में रहती है। डिलेटा के लिए साल 2022 काफी अच्छा रहा। इस साल उन्होंने अपने ज्ञान और सुंदरता से सभी को प्रभावित करने की कोशिश की। डियोटा पिछले साल इतालवी मॉडल गियाकोमो कैवल्ली को डेट करने के बाद भी चर्चा में आयी थी। इसी दौरान उनका मॉडलिंग करियर भी चल पड़ा। मॉडलिंग जगत में रमने के बाद ही आखिर उन्होंने अहसास हुआ कि यह काम करते वक्त आखिर उनका दिल क्यों जोर से धड़कता है। डियोटा अब भले ही कैवल्ली के साथ नहीं है, लेकिन वह मॉडलिंग जगत में सक्रिय है। वह सोशल मीडिया पर अपने टेनिस के प्रति प्यार इजहार करने से भी पीछे नहीं हटतीं। वह टेनिस रैकेट के साथ ग्लैमरस फोटोशूट भी करवा चुकी हैं जोकि चर्चा का विषय बना रहा। अब नये साल और क्रिसमस की आमद पर डियोटा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछेक फोटोज शेयर की हैं जिन्हें खूब पसंद किया जा रहा है।



# भारतीय हॉकी टीम विश्व कप के लिए भुवनेश्वर पहुंची



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

एफआईएच ओडिशा हॉकी विश्व कप 2023 से पहले भारतीय हॉकी टीम मंगलवार सुबह बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम का यहां जोरदार स्वागत किया गया। टीम राउरकेला के लिए रवाना होगी, जहां वह 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में होनेवाले विश्व कप के लिए अभ्यास करेगी। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 13 जनवरी को राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में स्पेन के खिलाफ मैच से करेगी। यहां पहुंचने पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हमने मैच की शुरूआत में गोल करने के लिए अपनी रणनीति को जारी रखने का फैसला किया है। हमें नहीं पता कि भारत में फिर से विश्व कप कब आयोजित किया जाएगा, इसलिए हमारा लक्ष्य इस विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। एफआईएच ओडिशा हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में स्पेन से भिड़ने के बाद, भारतीय हॉकी टीम 15 जनवरी को राउरकेला में इंग्लैंड से भिड़ेगी। इसके बाद 19 जनवरी को वेल्स के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप डी मैच के लिए भुवनेश्वर जाएगी।

**एशिया कप** | **भारत-पाक मैच पर विवाद, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष ने जारी किया स्पष्टीकरण**


# बाधाओं को पार करने में मदद करता है क्रिकेट

**क्रिकेट प्रशासन चलाने के लिए लेने पड़ते हैं कड़े फैसले**

**मजबूत फैसलों को भारतीय नजरिए से आंका जाता है, पाकिस्तान में प्रशंसक और क्रिकेट बोर्ड अपना फायदा देख रहे**

**खेल डेस्क**

टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा 3-0 से वाइटवॉश किए जाने के कुछ दिनों बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख रमीज राजा को भूमिका से हटाने और नजम सेठी को अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया। रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर वापसी की और एशिया कप 2023 के होस्टिंग अधिकारों को लेकर हुए विवाद पर एक स्पष्टीकरण जारी किया। रमीज ने कहा, 'मुझे भारतीय प्रशंसकों से बहुत सम्मान मिला है, मैंने भारत में वर्षों अपने कार्यकाल का पूरा आनंद लिया है। इसमें कोई संदेह नहीं है। क्रिकेट बाधाओं को तोड़ता है, यह बाधाओं को पार करने में मदद करता है। एक क्रिकेटर के रूप में, एक कमेंटेटर के रूप में, मुझे बहुत सारा प्यार मिला है। 'समस्याएं तब शुरू होती हैं जब आप क्रिकेट प्रशासन चलाते हैं, तब आपको कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। उन मजबूत फैसलों को भारतीय नजरिए से आंका जाता है, पाकिस्तान में प्रशंसक और क्रिकेट बोर्ड अपना फायदा देख रहे हैं। वे उन कॉल्स को देख रहे हैं। उनका अपना दृष्टिकोण है।'



रमीज ने शीर्ष बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपना रुख स्पष्ट किया और कहा कि 'एशिया कप का कोई भी सदस्य' आयोजन की मेजबानी से हटने के बारे में नहीं जानता था। 'समस्या तब शुरू हुई जब हमें एशिया कप की मेजबानी के अधिकार मिले और तब भारत ने सोचा कि हम पाकिस्तान नहीं जाएंगे और इस वजह से एशिया कप एक तटस्थ देश में आयोजित किया जाएगा, यह पाकिस्तान में नहीं हो सकता। जैसा कि आप जानते हैं, बड़ी अंतरराष्ट्रीय टीमें पाकिस्तान नहीं आ रही थीं और लंबे समय के बाद पाकिस्तान को एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी मिल रही है। मैंने उसी के आधार पर अपना पक्ष रखा।' उन्होंने कहा, 'यह तय था कि पाकिस्तान एशिया कप की मेजबानी करेगा। बिना किसी बैठक, बिना किसी बातचीत या बिना किसी समिति के मेजबानी के अधिकार वापस लेने के लिए। एशिया कप के किसी भी सदस्य को भी यह नहीं पता था। जब कोई देश बॉस बनने की कोशिश करता है, तो वह बन जाता है।' अचानक हमने भारत के खिलाफ एक स्टैंड लिया और उस स्थिति को भारत में इस तरह चित्रित नहीं किया जाएगा। वे स्पष्ट रूप से कहेंगे कि 'वे हमें चुनौती देने वाले कौन होते हैं?'



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### नफरत फैलाने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है : येचुरी

**नयी दिल्ली।** मार्कवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी ने भारतीय जनता पार्टी की सांसद प्रज्ञा ठाकुर द्वारा कर्नाटक के शिवमोगा में दिए गए बयान की निंदा की है और कहा है कि निर्दोष लोग जेलों में सड़ रहे हैं, जबकि ऐसी नफरत फैलाने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है, आजाद घूमने दिया जा रहा है। येचुरी ने ट्वीट कर कहा, अप्रिय और अस्वीकार्य। सत्तारूढ़ दल की सांसद द्वारा हत्या के लिए इस तरह की आग लगाने वाला बयान निर्लज्ज अपराध है।

### 57 के हुए दबंग सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता सलमान खान मंगलवार को 57 वर्ष के हो गये। 27 दिसम्बर 1965 को मुंबई में जन्में सलमान खान का मूल नाम अब्दुल राशिद सलीम सलमान खान है और उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने पटकथा एवं संवाद लेखक हैं। सलमान ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म बीबी हो तो ऐसी से की। इस फिल्म में उन्होंने छोटी सी भूमिका निभायी थी।

### त्रिपुरा सरकार ने 12 प्रतिशत डीए, डीआर किया जारी

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने आगामी चुनाव से पहले मंगलवार को 1.94 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और संविदा और दैनिक श्रेणी के कर्मचारियों सहित उनके परिवारों को दिसंबर से प्रभावी 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की घोषणा की। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को एक जनवरी से नये साल के तोहफे के रूप में संशोधित वेतन मिलेगा, जिसके लिए त्रिपुरा सरकार प्रत्येक महीने 120 करोड़ रुपये और 1,440 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का भार वहन करेगी।

### बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम

**श्रीनगर।** पुलिस ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में एक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस जब्त किया और एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के बसंतगढ़ इलाके में आईईडी जैसा करीब 15 किलोग्राम वजनी पदार्थ जब्त किया गया जो एक बेलनाकार वस्तु में रखा था। उन्होंने बताया कि पुलिस को 300-400 ग्राम आरडीएक्स, 7.62 एमएम के सात कारतूस और पांच डिटोनेटर भी मिले हैं। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने घटना की पुष्टि की।

### ट्रक से टकरायीं कई गाड़ियां, एक की मौत

**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले के देवास क्षेत्र में धुंध और कोहरे के चलते एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां टर्न ले रहे ट्रक को धुंध के कारण सही तरीके से नहीं देख पाने के चलते एक बस ने सबसे पहले टक्कर मारी। इसके बाद बस के पीछे कार, पिकअप, स्टार लाइन बस समेत करीब आधा दर्जन वाहन लाइन से टकराते रहे। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और करीब दस से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# हिमाचल में जबरदस्त हिमपात, बढ़ने लगी सैलानियों की संख्या



### नववर्ष मनाने पहुंच रहे सैलानियों में गजब का है उत्साह

**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों में हिमपात के कारण समूचा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में है। इस हिमपात के बीच नववर्ष मनाने पहुंच रहे सैलानियों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है और पर्वतों की रानी की ओर सैलानियों की भारी भीड़ पहुंच रही है। जिला लाहौल स्पिति में क्रिसमस व नव वर्ष के चलते प्रतिदिन जिला लाहौल स्पिति में सैलानियों की आवाजाही में निरंतर वृद्धि देखने को मिल रही है। अब तक अटल सुरंग रोहतांग से जिला लाहौल स्पिति में कुल 19383 वाहनों का आवागमन हुआ है।

लाहौल स्पीति जिला के पुलिस अधीक्षक मानव वर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 19 हजार से अधिक वाहनों ने अटल टनल, रोहतांग को पार किया है। उन्होंने बताया कि बर्फबारी होने से क्षेत्र का तापमान काफी नीचे चला गया है। पर्यटकों ने भी छितकुल में बर्फ का आनंद लिया।

#### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार

**मौसम** विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि अगले दो दिनों तक शिमला समेत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं, जबकि मैदानों में धुंध का येलो अलर्ट जारी हुआ है। 28 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आने का पूर्वानुमान है। प्रदेश के अधिकतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है।

बर्फबारी के बाद हालांकि किन्नौर में धूप खिली रही, लेकिन दोपहर के समय आसमान में बादलों ने फिर से डेरा जमा लिया है। बादल छाने से क्षेत्र में एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। किन्नौर के अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान माइनस से नीचे दर्ज किया गया।

मौसम में बदलाव के साथ शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गई है। लाहौल के मुख्यालय केलांग में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। यहां का न्यूनतम पारा शून्य से 10.8 और अधिकतम 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के पांच जिलों कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला और मंडी में पारा शून्य से नीचे चला गया है। राजधानी शिमला का भले ही पारा ढाई डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा हो, लेकिन दिनभर बादल छाये रहने से ठंड रही। व्हाइट क्रिसमस की आस लगाये पर्यटकों को थोड़ी मायूसी हुई। हालांकि, रोहतांग समेत ऊंची चोटियों पर फाहे गिरे हैं।

# असम में लोकसभा और विस सीटों के लिए होगा परिसीमन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को कहा कि उसने असम में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन शुरू कर दिया है और सीटों के समायोजन के लिए 2001 जनगणना के आंकड़ों का उपयोग किया जाएगा। आयोग ने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने तक राज्य में नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर एक जनवरी, 2023 से प्रभावी प्रतिबंध लगा दिया गया है। आयोग ने बताया कि परिसीमन अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत, असम में निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम परिसीमन 1971 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर 1976 में तत्कालीन परिसीमन आयोग द्वारा प्रभावी किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 8ए के अनुसार असम की विधानसभा और संसदीय सीटों के पुनर्निर्धारण का कदम केंद्रीय कानून




मंत्रालय के एक अनुरोध के बाद शुरू किया गया है। परिसीमन एक विधायी निकाय वाले देश या राज्य में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा या सीमाओं को निर्धारित करने की प्रक्रिया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे व अरुण गोयल के नेतृत्व वाले आयोग ने असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह एक जनवरी 2023 से राज्य में परिसीमन की कवायद पूरी होने तक नई प्रशासनिक इकाइयों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए राज्य सरकार के साथ मामला उठाएं। असम की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 20 मई, 2026 को समाप्त होगा। राज्य में अभी 14 लोकसभा, 126 विधानसभा और सात राज्यसभा सीटें हैं।

#### परिसीमन में यह है नियम

**चुनावी** प्रक्रिया में लोकतांत्रिक रूप से सभी को समान अवसर मिलता है। समय के साथ भौगोलिक रूप से जनसंख्या घटती-बढ़ती है। इस स्थिति में सभी का रूप से प्रतिनिधित्व हो सके, इसलिए निर्वाचन क्षेत्र का पुनर्निधारण किया जाता है। बढ़ती जनसंख्या के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को सही ढंग से बांटने में परिसीमन प्रक्रिया का अहम होती है। इसका उद्देश्य भी यही है कि हर वर्ग के स्थानीय नागरिक को प्रतिनिधित्व का समान अवसर मिले। परिसीमन के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के हितों को सुरक्षित रखने के लिए आरक्षित सीटों का भी निर्धारण किया जाता है।

## पीएम के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी कार दुर्घटना में घायल

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी मंगलवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा कर्नाटक के मैसूर में उस वक्त हुआ, जब वह अपने परिवारवालों के साथ जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी, बेटा और बहू भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में उनके बेटे और बहू को भी चोटें आयी हैं। इन सभी को इलाज के लिए जेएसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, हादसा मंगलवार दोपहर पौने दो बजे के आसपास काडाकोला के निकट हुआ। बांदीपुर के रास्ते में प्रह्लाद मोदी की कार डिवाइडर से टकरा गई। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे की जो तस्वीर सामने आई है उसमें देखा जा सकता है कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोदी परिवार को लोगों को हादसे में हल्की चोटें आयी हैं और फिलहाल इलाज जारी है।

## सीमा विवाद पर महाराष्ट्र विस में प्रस्ताव पारित

### सीएम शिंदे बोले- 865 गांवों को करायेंगे शामिल

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र विधानसभा ने कर्नाटक के साथ बढ़ते सीमा विवाद के बीच पड़ोसी राज्य में स्थित 865 मराठी भाषी गांवों का अपने राज्य में विलय करने पर कानूनी रूप से आगे बढ़ने के लिए एक प्रस्ताव मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि कर्नाटक राज्य विधायिका ने सीमा विवाद को जानबूझकर भड़काने के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित किया था।

महाराष्ट्र विधानसभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्य सरकार 865 गांवों और बेलगाम (जिसे बेलगावी भी कहा जाता है), कारवार, निपाणी, बीदर और भाल्की शहरों में रह रहे मराठी भाषी लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। राज्य सरकार कर्नाटक में 865 मराठी भाषी गांवों और बेलगाम, कारवार, बीदर, निपाणी, भाल्की शहरों की एक-एक इंच जमीन अपने में शामिल करने के मामले पर उच्चतम न्यायालय में कानूनी रूप से आगे बढ़ेगी। महाराष्ट्र के प्रस्ताव में कहा गया है कि जब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी तो यह तय हुआ था कि मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने तक यह सुनिश्चित किया जाए कि इस मामले को और न भड़काया जाए। हालांकि, कर्नाटक सरकार ने अपनी विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर इससे विपरीत कदम उठाया।

भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1957 से ही दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है। कर्नाटक विधानसभा ने महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद पर बीते गुरुवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में राज्य के हितों की रक्षा करने और अपने पड़ोसी राज्य को एक इंच जमीन भी न देने का संकल्प व्यक्त किया गया था। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में महाराष्ट्र द्वारा खड़े किए गए सीमा विवाद की आलोचना की गई।

## बर्फीली तूफान के बाद न्यूयॉर्क में इमरजेंसी की घोषणा

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भीषण बर्फीली तूफान से जूझ रहे न्यूयॉर्क प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा कर दी है। व्हाइट हाउस ने यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान के अनुसार, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने न्यूयॉर्क प्रांत में आपात स्थिति घोषणा की और 23 दिसम्बर से शुरू हुई भीषण शीतकालीन तूफान से उत्पन्न आपातकालीन स्थितियों को लेकर राहत प्रयासों के लिए संघीय सहायता का आदेश जारी किया। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति की कार्रवाई होमलैंड सुरक्षा विभाग,



संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (फेमा) को उन सभी आपदा राहत प्रयासों का समन्वय करने के लिए अधिकृत करती है जिनका उद्देश्य स्थानीय आबादी पर आपातकाल के कारण होनेवाली कठिनाई और पीड़ा को कम करना और आवश्यक सहायता के आपातकालीन उपाय प्रदान करना है। इससे पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि कम से कम 12 प्रांतों कोलोराडो, इलिनोइस, कंसास, केंटकी, मिशिगन, मिसौरी, नेब्रास्का, न्यूयॉर्क, ओहियो, ओक्लाहोमा, टेनेसी और विस्कॉन्सिन में 50 लोगों की मौतों की सूचना है। पूर्वोत्तर न्यूयॉर्क प्रांत के बफेलो शहर में सप्ताहांत में एक मीटर से अधिक बर्फ गिरने से सबसे अधिक लोग हताहत हुए। आज तक, कम से कम 14 लोगों की मौत हो चुकी है।

## 10वीं की छात्रा एक दिन के लिए बनी डिप्टी कमिश्नर

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के सरकारी स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा को मंगलवार (27 दिसम्बर) को एक दिन के लिए पटियाला का डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया। इसे लेकर डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने कहा कि जो बच्चे भविष्य में आईएएस अधिकारी, शिक्षक, डॉक्टर बनना चाहते हैं, उन्हें हर महीने अपने रोल मॉडल से मिलने का मौका दिया जायेगा ताकि उन्हें कुछ एक्सपोजर मिल सके। वहीं, एक दिन के लिए जिले की डिप्टी कमिश्नर बनीं



गवर्नमेंट स्मार्ट मॉडल टाउन स्कूल की छात्रा महफूजा ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक भी की।




## 'कुत्ते' में पुलिस ऑफिसर बनेंगे अर्जुन कपूर




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी आनेवाली फिल्म कुत्ते में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगे। बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म कुत्ते में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। अर्जुन कपूर ने बताया कि रूपहले पर्दे पर एक पुलिस वाले की भूमिका निभाना मेरे लिए लकी चार्म है। अर्जुन कपूर ने कहा : संदीप और पिंकी फरार में एक पुलिस वाले का किरदार निभाने पर मुझे लोगों का खूब प्यार मिला था। इसलिए यदि मुझे कुत्ते के किरदार के लिए वहीं सम्मान मिलता है तो मुझे खुशी होगी। मुझे लगता है कि एक पुलिस वाले की भूमिका निभाना मेरे लिए करियर के लिए एक गेम चेंजर हो सकता है। मुझे लगता है कि दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए वर्दी को अच्छे किरदार में दिखाना चाहिए। क्योंकि हमारे पुलिसकर्मी लगातार बिना शर्त के हमारी सुरक्षा कर रहे हैं और मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है।

**दो टूक** पाक पीएम ने बन्नू की घटना को बताया दिल दहलाने वाला, कहा -

# देशभर से आतंकवाद को जड़ से करेंगे खत्म

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दो टूक कहा है कि वह देशभर से आतंकवादियों के खात्मे का संकल्प ले चुके हैं। इधर, इमरान खान ने उनके आठ महीने के कार्यकाल के दौरान आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि के लिए सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। शहबाज शरीफ ने डेरा इस्माइल खान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रांतीय सरकारों और सुरक्षा बलों की मदद से सरकार आतंकवाद के सभी रूपों को खत्म कर देगी। सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए कुछ दिनों में



राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई जाएगी। आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा है लेकिन सरकार इसे बहुत जल्द कुचल देगी और इसकी वापसी को रोकने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

पिछले हफ्ते बन्नू में एक सुरक्षा परिसर पर हुए हमले पर एक टिप्पणी करते हुये उन्होंने कहा कि बन्नू की घटना दिल दहला देने वाली थी। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एक सफल अभियान चलाकर उन सभी आतंकवादियों को मार गिराया जिन्होंने परिसर पर कब्जा कर लिया था। हम अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं, इस घटना में शहीद हुए अधिकारी और कर्मी हमारे नायक हैं, उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

#### पूर्व पाक पीएम ने आतंकवाद पर लगाम लगाने में सरकार को बताया विफल

**इस** बीच इमरान खान जो हर कीमत पर देश में मध्यावधि चुनाव कराना चाहते हैं और पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं को भंग करने की संभावना रखते हैं, ने इस साल अप्रैल में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार के आने के बाद आतंकवाद पर लगाम लगाने में विफलता के लिए कड़ी आलोचना की।लाहौर में अपने आवास जमान पार्क में एक पीटीआई बैठक के दौरान उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने आतंकवाद को नियंत्रित किया और इसे दुनिया के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक बनाने की दिशा में गर्व से देश का नेतृत्व कर रही है। पीटीआई के अध्यक्ष पाक-अफगान सीमा पर भी स्थिति को लेकर चिंतित दिखे। उन्होंने दावा किया कि अप्रैल से आतंकवादी घटनाओं में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और आतंकवाद के पुनः उभरने के लिए सरकार को फटकार लगाई। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि देश भर में आतंकवाद के मामलों में कम से कम 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।